www.tamsasanket.com
वर्षः 29 || अंक 349 || अम्बेडकरनगर
बुधवार
18 मार्च 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदयः 06:14
सूर्यास्तः 06:16
अधिकतमः 34°00
न्यूनतमः 20°00



पेज 07

विशेष समाचार | "पंडित": समकालीन सियासत... >> पेज 04 | कानपुर में बच्ची की हत्या... >> पेज 06 | संजय दत्त-नोरा का गाना ...

# बंगाल में फिर भिड़ेंगे ममता-सुवेंदु

## टीएमसी की लिस्ट जारी, नंदीग्राम से चुनाव नहीं लड़ेंगी ममता

**ऐलान**


तमसा संकेत, एजेंसी

कोलकाता/ तिरुवनंतपुरम/ चेन्नई । तृणमूल कांग्रेस पार्टी (TMC) ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की कुल 294 सीटों में से 291 सीटों पर अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया। बाकी 3 सीटें सहयोगी बीजीपीएम को दी हैं। ममता ने 74 विधायकों (करीब एक तिहाई) के टिकट काट दिए हैं। 15 विधायकों की सीटें बदली गई हैं।

ममता बनर्जी भबानीपुर से चुनाव लड़ेंगी। उनका मुकाबला भाजपा नेता सुवेंद्र अधिकारी से होगा। 2021 के चुनाव में सुवेंदु ने ममता को नंदीग्राम सीट पर हरा दिया था।

लिस्ट जारी करते हुए ममता ने कहा कि मैं BJP से कहना चाहती हूं कि आप डर क्यों रहे हैं। अगर लड़ना है तो गैस संकट पैदा मत कीजिए। मैदान में आकर सही तरीके से मुकाबला कीजिए।

14 साल



बंगाल सीएम ममता बनर्जी ने मंगलवार को कोलकाता में प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

से CM ममता के सामने BJP मुख्य चुनौती है। 2026 के चुनाव में टीएमसी जीती तो ममता बनर्जी लगातार चौथी बार मुख्यमंत्री बनेंगी। वे ऐसा करने वाली देश पहली महिला होंगी। जयललिता के नाम 5 बार तमिलनाडु की मुख्यमंत्री बनने का रिकॉर्ड है।

>> (शेष पेज 06 पर)

### केरल में आईयूएमएल ने 25 उम्मीदवारों की सूची जारी की

यूडीएफ की प्रमुख घटक पार्टी आईयूएमएल ने मंगलवार को केरल विधानसभा चुनावों के लिए 25 उम्मीदवारों की सूची जारी की। इनमें कई मौजूदा विधायक और कुछ नए नाम शामिल हैं। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के सुप्रीमो सादिक अली शिहाब थंगल और अन्य पार्टी नेताओं ने शाम को यहां आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस सूची की घोषणा की। इस सूची में दो महिलाएं हैं और वरिष्ठ पार्टी नेता, मौजूदा विधायक और पूर्व राज्य मंत्री एम.के. मुनीर का नाम शामिल नहीं है। >> (शेष पेज 06 पर)

### टीएमसी ने सेलिब्रिटी चेहरों से दूरी बनाई, 52 महिलाएं उम्मीदवार

- ममता ने सेलिब्रिटी चेहरों से दूरी बनाई। जमीनी नेता और कार्यकर्ताओं पर ज्यादा भरोसा जताया। 2021 में 15 सेलिब्रिटी को टिकट दिया था। इस बार 2 सेलिब्रिटीज को टिकट मिला है।
- लिस्ट में 52 महिलाएं हैं। 47 उम्मीदवार अल्पसंख्यक समुदाय से हैं।
- 40 साल से कम उम्र के 42 उम्मीदवारों को टिकट मिला।
- लिस्ट में 95 कैंडिटेट्स एससी/एसटी कैंडिडेंट्स हैं।

### बंगाल में ममता ने 74 विधायकों के टिकट काटे

बताते चलें कि ममता 2021 के पिछले विधानसभा चुनाव में भवानीपुर से नहीं लड़कर नंदीग्राम सीट से चुनाव लड़ी थीं, जहां बेहद करीबी मुकाबले में उन्हें सुवेंदु से 1956 वोटों से हार का सामना करना पड़ा था।



उम्मीदवारों की सूची जारी करने के मौके पर तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने घोषणा की कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस बार अपनी पारंपरिक सीट कोलकाता के भवानीपुर से ही चुनाव लड़ेंगी। भवानीपुर में ममता बनर्जी का मुकाबला भाजपा नेता व विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी से होगा। भाजपा ने सुवेंदु को इस बार दो विधानसभा सीटों- नंदीग्राम के अलावा भवानीपुर से उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने इस बार नंदीग्राम से सुवेंदु अधिकारी के खिलाफ पवित्र कर को टिकट दिया है।

**भाजपा नेता ने पिछली बार नंदीग्राम में सीएम को हराया था**

### चुनाव आयोग ने शानदार खेल दिखाया- ममता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कोलकाता में कहा, ₹उम्मीदवारों की सूची घोषित करने से पहले, मैं बंगाल की जनता का धन्यवाद करती हूं। मैं 'मां माटी मानुष बंग्लार संस्कृति' सभी को समर्पित करती हूं और 294 सीटों के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी करती हूं। मैं भाजपा से कहना चाहती हूं - आप क्यों डर रहे हैं?

>> (शेष पेज 06 पर)

### तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए एमडीएमके का घोषणापत्र जारी

तमिलनाडु में सत्तारूढ़ डीएमके की सहयोगी एमडीएमके ने मंगलवार को आगामी विधानसभा चुनावों के लिए अपना घोषणापत्र जारी किया। घोषणापत्र में राज्य स्वायत्तता, मछुआरों का कल्याण, राज्यपाल पद का उन्मूलन, स्टरलाइट तांबा संयंत्र का स्थायी बंद होना और बाल विवाह का पूर्ण उन्मूलन सहित कई क्षेत्रीय और सामाजिक मुद्दे शामिल किए गए हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)

### उत्तराखंड के बाद गुजरात में यूसीसी की तैयारी

गांधीनगर । उत्तराखंड के बाद अब गुजरात में भी जल्द यूनिफॉर्म सिविल कोड यानी समान नागरिक संहिता (UCC) लागू हो सकता है। यूसीसी के लिए गठित समिति ने मंगलवार को मुख्यमंत्री को अपनी अंतिम रिपोर्ट सौंप दी है। समिति ने विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत अध्ययन के बाद इसने अंतिम सिफारिशों सहित अपनी रिपोर्ट पेश की है।

गुजरात सरकार आज शाम को इस रिपोर्ट पर मंत्रियों और अधिकारियों के साथ चर्चा करेगी। यूसीसी से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा मौजूदा विधानसभा सत्र में ही की जाएगी। रिपोर्ट 23 मार्च को सदन में रखी जा सकती है, जबकि 24 मार्च को बिल पेश किए जाने की संभावना है, जो इस बजट सत्र का अंतिम दिन भी है। अगर यह बिल पास हो जाता है, उत्तराखंड के बाद यूसीसी लागू करने वाला गुजरात देश का दूसरा राज्य बन जाएगा।

# इजराइली हमले में बसीज फोर्स के 300 सैनिकों की हुई मौत

## ईरान की बसीज फोर्स को भारी नुकसान


**दावा**

तमसा संकेत, एजेंसी

तेल अवीव/तेहरान । इजराइल के हमलों में सोमवार रात ईरान की बसीज फोर्स को भारी नुकसान होने का दावा किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इन हमलों में करीब 300 कमांडरों और सैनिकों की मौत हुई है।

बताया जा रहा है कि हमले में तेहरान के कई कमांड सेंटर, लॉजिस्टिक यूनिट और वाहन डिपो को निशाना बनाया गया, जिससे बसीज की ऑपरेशनल क्षमता को बहुत नुकसान पहुंचा है।

इस बीच ईरान के सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि पहले



- भारत का नंदी देवी जहाज गुजरात पहुंचा
- लेबनान के बेरुत में इजराइली एयरस्ट्राइक, 1 की मौत

अमेरिका और इजराइल से हिसाब लिया जाएगा, उसके बाद ही शांति की बात की जाएगी। उन्होंने कहा कि ईरान अपने दुश्मनों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखेगा और मौजूदा संघर्ष जल्द थमने वाला नहीं है।

>> (शेष पेज 06 पर)

# पाकिस्तान की अफगानिस्तान में एयरस्ट्राइक, 400 की मौत

## 250 घायल, तालिबान का आरोप- पाक ने नशा मुक्ति सेंटर पर बम गिराए

**हमला**

तमसा संकेत, एजेंसी

काबुल । पाकिस्तान ने सोमवार रात एक बार फिर अफगानिस्तान पर एयरस्ट्राइक की है। पाकिस्तानी एयरफोर्स के लड़ाकू विमानों ने राजधानी काबुल के कई इलाकों को निशाना बनाया, जिनमें एक हॉस्पिटल भी है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक इसमें 400 लोगों की मौत हो गई, वहीं 250 से ज्यादा घायल हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक दारुलअ-मान, अरजान कीमत, खैरखाना और



काबुल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आसपास कई जगहों पर धमाकों और गोलीबारी की आवाजें सुनी गईं।

तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने आरोप लगाया है कि पाकिस्तानी सेना ने काबुल में एक नशा मुक्ति अस्पताल पर बम गिराए।

>> (शेष पेज 06 पर)

### हमले से 2000 बेड वाले हॉस्पिटल को भारी नुकसान

अफगानिस्तान सरकार के डिप्टी प्रवक्ता हमदुल्लाह फितरत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर बताया कि यह हमला स्थानीय समय के अनुसार रात करीब 9 बजे हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह हॉस्पिटल 2000 बेड का है। इसे भारी नुकसान हुआ है।

मीडिया की टीमें जब वहां पहुंची तो अस्पताल के कुछ हिस्सों में तब भी आग लगी हुई थी। >> (शेष पेज 06 पर)

**फास्ट न्यूज**

### रील बना रहे युवक ने खुद पर गोली चलाई

नई दिल्ली । दिल्ली के न्यू अशोका गार्डन में मंगलवार को रील बनाते वक्त एक युवक की मौत हो गई। वह अपने दोस्त की पिस्तौल लेकर रील बना रहा था। दोस्त ही इसे शूट कर रहा था। पुलिस का कहना है पिस्तौल का लाइसेंस वीडियो शूट करने वाले दोस्त के नाम पर है। मामले की जांच की जा रही है।

**नोटिस तैयारी**

### कांग्रेस ने ओडिशा में 3 विधायकों को पार्टी से निकाला

भुवनेश्वर, चंडीगढ़ । ओडिशा में कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने वाले तीन विधायकों को पार्टी से निकाल दिया है। पार्टी ने तीनों विधायकों को विधानसभा से अयोग्य घोषित करने के लिए स्पीकर को लेटर भी लिखा है। हरियाणा में कांग्रेस पांच विधायकों को नोटिस देने की तैयारी कर रही है। इस बीच हरियाणा कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रामकिशन गुर्जर ने पार्टी छोड़ दी है। ओडिशा में कांग्रेस ने रमेश जेना, दशरथी गोमांगो और सोफिया फिरदौस को पार्टी से निकाला है।

### 'उद्योग' की परिभाषा पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की संविधान पीठ ने मंगलवार को औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 में 'उद्योग' शब्द की परिभाषा से जुड़े मामले पर सुनवाई शुरू की। कोर्ट तय करेगा कि सरकारी विभाग, अस्पताल, स्कूल और NGO जैसी संस्थाएं 'उद्योग' की कैटेगरी में आएंगी या नहीं और उन पर श्रम कानून लागू होंगे या नहीं।

# एलपीजी गैस की कालाबाजारी पर बड़ी कार्यवाही 218 सिलेंडर बरामद

## सीएससी संचालक पर मुकदमा दर्ज


**धोखाधड़ी**

- सीएससी संचालक पर कार्रवाई
- जांच जारी, भविष्य में रोकने के प्रयास

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। जिले के टांडा विकास खंड के डांड़ी महमूदपुर में संचालित एक CSC (कॉमन सर्विस सेंटर) पर LPG गैस की कालाबाजारी का मामला सामने आया। इब्राहिमपुर पुलिस ने जांच के बाद 218 खाली और भरे गैस सिलेंडर बरामद किए। साथ ही 200 उपभोक्ताओं की गैस पासबुक भी जब्त की गई।





### उपभोक्ताओं को हुई परेशानी

इस कालाबाजारी के कारण स्थानीय उपभोक्ताओं को काफी परेशानी उठानी पड़ी। कई परिवारों को गैस सिलेंडर नहीं मिलने के कारण खाना बनाने में दिक्कत आई। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को भी ऐसी समस्या हो तो तुरंत पुलिस या उपभोक्ता फोरम से संपर्क करें।

जांच में पाया गया कि CSC संचालित कर रहे समीर आलम ने CSC की प्रोपाइटर गीता देवी की आईडी का उपयोग कर गैस बुकिंग कराई। उपभोक्ताओं को गैस की डिलीवरी रिकॉर्ड में दिखने के बावजूद गैस नहीं दी गई।

>> (शेष पेज 06 पर)

## कहा- सभी को ई-केवाईसी की जरूरत नहीं, केवल वे लोग कराएं जिनका रिकॉर्ड अधूरा

# गैस कनेक्शन बंद होने की खबरों पर सरकार की सफाई

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । केंद्र सरकार ने उन खबरों पर जवाब दिया है जिनमें कहा जा रहा था कि अगर ग्राहकों ने e-KYC नहीं कराया, तो उनका गैस कनेक्शन काट दिया जाएगा। पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा कि eKYC की जरूरत सिर्फ उन्हीं ग्राहकों को है, जिनका वेरिफिकेशन अब तक नहीं हुआ है।

सरकार ने कहा कि यह कोई नया नियम नहीं है। मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर जो जानकारी दी है, वह पुराने अभियान का ही हिस्सा है। इसका मकसद सिर्फ इतना है कि ज्यादा से ज्यादा गैस ग्राहक अपना



बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन करवा लें, ताकि सिस्टम में फर्जीवाड़ा न हो। यदि आप एक सामान्य एलपीजी ग्राहक हैं और आपने पहले अपना eKYC करवा लिया है, तो आपको यह प्रक्रिया दोबारा करने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। यह नियम सिर्फ उन लोगों पर लागू होता है जिनका रिकॉर्ड अब तक अपडेट नहीं हुआ है।

>> (शेष पेज 06 पर)

### घर बैठे कर सकते हैं ई-केवाईसी

ग्राहकों को बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन के लिए गैस एजेंसी जाने की जरूरत नहीं है। मंत्रालय ने बताया कि eKYC की प्रक्रिया घर बैठे आसानी से और मुफ्त में पूरी की जा सकती है।

ग्राहक संबंधित गैस कंपनी के मोबाइल एप के जरिए इसे खुद ही पूरा कर सकते हैं। eKYC के लिए सिर्फ 'आधार कार्ड' और 'रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर' की ही आवश्यकता होती है।

उज्ज्वला योजना के ग्राहकों के लिए नियम थोड़े अलग है। इन ग्राहकों को हर वित्तीय वर्ष में कम से कम एक बार बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन कराना होता है। यह वेरिफिकेशन भी सिर्फ उन उज्ज्वला ग्राहकों के लिए आवश्यक है जो साल में 7 सिलेंडर लेने के बाद 8वें और 9वें रिफिल पर मिलने वाली टारगेटेड डीबीटी सब्सिडी का लाभ उठाना चाहते हैं।

### फर्जी ग्राहकों और कालाबाजारी पर लगाम लगेगी

सरकार का कहना है कि eKYC कराने का मुख्य उद्देश्य सिस्टम में पारदर्शिता लाना है। इससे 'घोस्ट कंज्यूमर्स' यानी उन फर्जी गैस कनेक्शनों को हटाने में मदद मिलती है जो किसी और के नाम पर चल रहे हैं। इसके अलावा इससे एलपीजी की कालाबाजारी रोकने में भी मदद मिलेगी।

**दावा :** 'आस्तीनी अपराधी' ही सरकार को चुनौती दे रहे : अखिलेश यादव

# 'यूपी में कानून व्यवस्था ध्वस्त'

- गोरखपुर हत्याकांड से लेकर भ्रष्टाचार तक सपा का हमला, 2027 में सत्ता परिवर्तन का दावा

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि प्रदेश में "लॉ एंड ऑर्डर को ही गोली मार दी गई है।" उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के संरक्षण में पले "आस्तीनी अपराधी" अब उसी सरकार को चुनौती दे रहे हैं।

अखिलेश यादव ने लखनऊ के



ग्रीन कॉरिडोर निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि उद्घाटन के कुछ ही दिनों बाद इसकी हालत खराब हो गई। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि "अब सरकार खुद पर बुलडोजर चलवाएगी या खुद से वसूली करवाएगी?" इसके साथ ही उन्होंने जल जीवन मिशन में भी भारी भ्रष्टाचार का आरोप लगाया और कहा कि प्रदेश की जनता पानी की टंकियों के ढहने जैसी घटनाएं देख चुकी है। सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा सरकार में हर विभाग में

अखिलेश यादव ने गोरखपुर में पूर्व पार्षद की दिनदहाड़े हत्या का जिक्र करते हुए कहा कि यह घटना बताती है कि अपराधियों को किसका संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने कहा कि मुख्य नगर में खुलेआम हुई यह वारदात कानून-व्यवस्था की पोल खोलती है और जनता सब समझ रही है।

### 'प्रदेश में कोई सुरक्षित नहीं'

सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा सरकार में अपराधी बेखौफ होकर हत्याएं, लूट और अन्य वारदातें कर रहे हैं। महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में गुंडों, माफियाओं और दबंगों का बोलबाला है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार का "जीरो टॉलरेंस" का दावा पूरी तरह विफल साबित हुआ है और भेदभाव चरम पर पहुंच गया है।

भ्रष्टाचार चरम पर है और प्रदेश को "भ्रष्टाचार के दलदल" में धकेल दिया गया है। >> (शेष पेज 06 पर)

# लोकसभा से आठ विपक्षी सांसदों का निलंबन हटा

## स्पीकर बिरला ने सांसदों से कहा- पोस्टर और एआई से बनीं तस्वीरें न दिखाएं

**निर्णय**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । लोकसभा में मंगलवार को पहले फेज के दौरान निलंबित किए गए 8 सांसदों पर लगा सस्पेंशन हटा दिया गया। इनमें कांग्रेस के 7 और लेफ्ट के एक सांसद हैं। ये आठ सांसद 4 फरवरी को लोकसभा से पूरे बजट सत्र के लिए निलंबित किए गए थे। उन पर हंगामा करने के दौरान स्पीकर पीठासीन कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी की कुर्सी की ओर कागज फेंकने का आरोप लगा था। यह हंगामा उस



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में कहा कि अब रेल हादसों की संख्या में करीब 90% तक कमी आई है। सुरक्षा को और बेहतर बनाने के लिए प्रयास जारी रहेंगे, ताकि रेलवे सुरक्षा के मामले में भारत विकसित देशों की बराबरी कर सके।

समय हुआ था जब राहुल गांधी सदन में पूर्वी लद्दाख में 2020 के भारत-चीन सीमा तनाव का जिक्र कर रहे थे। कांग्रेस सांसद के. सुरेश समेत 3 सांसदों ने सस्पेंशन प्रस्ताव रखा। इसके बाद ध्वनि मत से इसे पास कर दिया गया। इससे पहले सपा सांसद धर्मेंद्र यादव ने इसका समर्थन किया। धर्मेंद यादव ने कहा कि सदन की मर्यादा में सत्ता पक्ष को भी मान रखना होगा।

>> (शेष पेज 06 पर)

## फॉर्म-19 सत्यापन में अनियमितता का दावा, फर्जी मतदाताओं को हटाने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग

# शिक्षक मतदाता सूची में गड़बड़ी का आरोप

**मांग**

■ समाजवादी पार्टी ने स्पष्ट किया है कि यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया, तो यह मामला निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है।

**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ । अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में शिक्षक मतदाता सूची को लेकर गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया है। प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी, लखनऊ को ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की विस्तृत जांच की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि जिन शिक्षक मतदाताओं के आवेदन पत्र (फॉर्म-19) जिला विद्यालय निरीक्षकों द्वारा सत्यापित या प्रतिहस्ताक्षरित नहीं किए गए हैं, उनके नाम अंतिम मतदाता सूची से हटाए जाएं। साथ ही फर्जी तरीके से मतदाता सूची में नाम शामिल कराने वाले षड्यंत्रकारियों, निर्वाचन कर्मियों और अधिकारियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित हो सके।

> ज्ञापन में यह भी दावा किया गया है कि बड़ी संख्या में ऐसे शिक्षकों के नाम भी अंतिम सूची में शामिल कर लिए गए, जिनके आवेदन पहले ही विभिन्न कारणों से निरस्त कर दिए गए थे। पार्टी ने आशंका जताई है कि इसी तरह की गड़बड़ी अलीगढ़ और मथुरा जिलों में भी हो सकती है।

सपा ने अपने ज्ञापन में भारत निर्वाचन आयोग और संबंधित दिशा-निर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता बनने के लिए फॉर्म-19 का जिला विद्यालय निरीक्षक से सत्यापन अनिवार्य है। इसके जरिए यह सुनिश्चित किया जाता है कि संबंधित शिक्षक ने निर्धारित अवधि तक अध्यापन कार्य किया है और वह पूर्णकालिक शिक्षक है। सपा ने आरोप लगाया कि इस मामले में पहले भी कई बार मंडलायुक्त आगरा को लिखित शिकायतें दी गईं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पार्टी का कहना है कि निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से फर्जी मतदाताओं को शामिल किया गया है, जो निष्पक्ष चुनाव के लिए गंभीर खतरा है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान के.के. श्रीवास्तव, डॉ. हरिश्चन्द्र सिंह और राधेश्याम सिंह ने इस पूरे प्रकरण में तत्काल जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।



**सपा ने निष्पक्ष जांच की उठाई मांग**

### आगरा में आंकड़ों पर उठाए सवाल

पार्टी ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद के आगरा खंड शिक्षक निर्वाचन-2026 की प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं हुई हैं। अनंतिम सूची के बाद आपत्ति अवधि (2 से 16 दिसंबर 2025) में अकेले आगरा जिले में 10,389 नए आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 7,780 को स्वीकृत कर लिया गया। इससे कुल मतदाता संख्या 16,380 हो गई। हालांकि, जिला विद्यालय निरीक्षक आगरा के अनुसार इस दौरान केवल 1,689 फॉर्म-19 ही सत्यापित किए गए। ऐसे में बाकी हजारों मतदाताओं के सत्यापन पर सवाल खड़े हो गए हैं।

# लोहिया अस्पताल में स्टाफ तीमारदारों में मारपीट

## लखनऊ में मरीज की मौत के बाद हंगामा

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ । लखनऊ के डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल में एक मरीज की मौत के बाद स्टाफ और तीमारदारों में मारपीट हो गई। पुलिस ने 3 तीमारदारों को हिरासत में ले लिया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ विभूति खंड थाने में शिकायत दी।

परिजनों ने इलाज में लापरवाही बरतने के कारण मरीज की मौत और स्टाफ पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। अस्पताल प्रशासन ने तीमादारों पर मारपीट और तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया है।

पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले में अब तक किसी ओर से मुकदमा नहीं दर्ज हुआ है। घटना आज, मंगलवार सुबह करीब 7 बजे हुई। ग्राम हांसेमऊ पोस्ट असेनी, थाना सतरिख, जिला बाराबंकी निवासी लाल बहादुर (45) को सोमवार रात करीब 1 बजे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था।



लाल बहादुर, मृतक

मंगलवार सुबह करीब 7 बजे उनकी मौत हो गई। उसके बाद जमकर हंगामा हुआ। उनकी पत्नी बबिता का कहना है कि स्टाफ ने उन्हें बेंच पर धक्का दे दिया। पेट में चोट लगने से उनके पेट में इंटरनल ब्लीडिंग शुरू हो गई है।

लाल बहादुर के साले प्रदीप ने बताया- लाल बहादुर बुलेट के मैकेनिक थे। इस समय रजौली अनवरी बेहटा, गुडंबा में रहते थे।

**फास्ट न्यूज**

### लखनऊ में कंटेनर की टक्कर से दंपती की मौत

दुबग्गा। लखनऊ के काकोरी थाना क्षेत्र में एक भीषण सड़क हादसा हो गया। रेवरी टोल प्लाजा के पास एक कार और कंटेनर की आमने-सामने टक्कर हो गई। इसमें एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी ने 24 घंटे के अंदर इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में घायल 2 अन्य लोगों की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट अभ्यर्थियों का लखनऊ में भीख मांगने का प्रदर्शन

लखनऊ । लखनऊ में आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट अभ्यर्थियों ने मंगलवार को हाथ में छोटे-छोटे कंटेनर लेकर प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि उन्हें भीख मांगने पर मजबूर किया जा रहा है। वे बेरोजगारी में आत्महत्या कर लेंगे।

वे हजरतगंज चौराहे से विधानसभा का घेराव करने जा रहे थे। विधानसभा से पहले ही पुलिस ने उन्हें जीपीओ के पास रोक लिया। उन्हें हिरासत में लेकर ईको गार्डन ले गई। अभ्यर्थियों का कहना है कि 2024 की भर्ती प्रक्रिया में देरी हो रही है। वैकेंसी का फॉर्म भरवाने के बाद मामला कोर्ट में चला गया।

### भाजपा महानगर कार्यकारिणी घोषित, जिला कमेटी होल्ड

आगरा । भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार देर रात अपनी बहुप्रतीक्षित महानगर कार्यकारिणी की घोषणा कर दी। महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता की करीब 60 सदस्यीय इस नई टीम में 20 पदाधिकारियों के साथ 40 सदस्यों को जगह दी है। कई धुरंधर आउट हो गए हैं। वहीं, जिला कमेटी अभी होल्ड पर है। कुछ नामों पर सहमति न बन पाने के कारण जिला कमेटी घोषित नहीं हो पाई है।

# एयर इंडिया फ्लाइट में जज को परोसा फंगस लगा खाना

**तमसा संकेत, एजेंसी**



■ सरोजनी नगर थाने पहुंचे, बोले- केबिन क्रू ने बदतमीजी की सख्त कार्रवाई करें

लखनऊ। लखनऊ में दिल्ली से आई एयर इंडिया की एक उड़ान में हाईकोर्ट के जज को फंगस लगा भोजन परोसने का मामला सामने आया है। भोजन में खराबी की शिकायत करने पर एयरलाइन कर्मियों पर दुर्व्यवहार का आरोप लगा है। इस संबंध में सरोजनी नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है, जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार सोमवार को दिल्ली से लखनऊ आ रहे थे। वह एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई-1720 से यात्रा कर रहे थे, जो रात 9:40 बजे लखनऊ पहुंची। प्रशांत कुमार की सीट संख्या 1A थी। यात्रा के दौरान उन्हें जो भोजन परोसा गया, उसमें फंगस लगा था, जिस पर उन्होंने तुरंत आपत्ति जताई।

शिकायतकर्ता के मुताबिक, भोजन की गुणवत्ता पर आपत्ति जताने के बाद केबिन क्रू सदस्य मनप्रीत और प्रीति ने समस्या का समाधान करने के बजाय न्यायमूर्ति के साथ अभद्र व्यवहार किया। इसके अतिरिक्त, एयर इंडिया के कस्टमर सर्विस कर्मचारी सूफियान पर भी दुर्व्यवहार का आरोप है। आरोप है कि सूफियान ने दूषित भोजन को विमान से बाहर ले जाने से भी रोका।

इस घटना के बाद, न्यायमूर्ति के साथ मौजूद सुमित गुप्ता ने सरोजनी नगर थाने में एयरलाइन कर्मियों के खिलाफ तहरीर दी।

## लखनऊ में भर्ती बोर्ड ऑफिस में घुसा, केरोसीन छिड़का, पुलिसवालों ने पकड़ा

# दरोगा भर्ती में 'पंडित' पर बवाल जान देने पहुंचा भगवाधारी युवक

■ युवक ने पुलिस भर्ती बोर्ड में आए सवाल पर एफआईआर के लिए लिखित शिकायत दी। हजरतगंज कोतवाली प्रभारी विक्रम सिंह ने अप्लीकेशन ली थी।

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ । लखनऊ में पुलिस भर्ती बोर्ड मुख्यालय पर भगवाधारी युवक ने मंगलवार को सुसाइड की कोशिश की। वह अपने साथ बोतल में केरोसीन लेकर पहुंचा था। बोर्ड के मेन गेट से अंदर घुसते हुए उसने अपने ऊपर केरोसीन छिड़कना शुरू किया। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसे तुरंत पकड़ लिया। उसका आरोप है कि भर्ती बोर्ड ने दरोगा भर्ती परीक्षा में पंडित को अवसरवादी से जोड़कर जानबूझकर सवाल पूछा। इसके खिलाफ मेरी शिकायत पर FIR दर्ज नहीं हो रही है। ब्राह्मणों को बार-बार प्रताड़ित किया जा रहा है। आज अभी एक सिपाही ने मुझे गाली दी। युवक की पहचान बुलंदशहर के रहने वाले दीपक शर्मा के रूप में हुई है। यूपी पुलिस भर्ती बोर्ड की ओर से हाल ही में कराई गई दरोगा भर्ती परीक्षा में पूछे गए एक सवाल पर विवाद हो गया। उस सवाल में अवसरवादी के विकल्प के रूप में 'पंडित' को भी शामिल किया गया था। तमाम आपत्तियों के साथ ही लखनऊ की हजरतगंज कोतवाली में भी जानबूझकर अपमानित करने का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत दी गई।



कोतवाली प्रभारी विक्रम सिंह को युवक दीपक शर्मा ने लिखित शिकायत दी। तीन दिन बाद भी FIR दर्ज न होने पर मंगलवार सुबह करीब 11 बजे हुसैनगंज स्थित पुलिस भर्ती बोर्ड मुख्यालय पहुंच गया और सुसाइड की कोशिश की। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद समझाया और उसे हुसैनगंज थाने ले गई। उससे पूछताछ की जा रही है।

> दीपक का आरोप है कि 14 तारीख को हुई एसआई भर्ती परीक्षा में एक प्रश्न में पंडित शब्द का अपमानजनक इस्तेमाल किया गया। जिससे ब्राह्मण समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। उसने इस मामले में 14 हजरतगंज थाना में तहरीर दी थी, लेकिन अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इसी से नाराज होकर उसने आत्मदाह करने का फैसला किया।

तलाशी के दौरान उसके पास से माचिस, केरोसीन और एक बैनर बरामद हुआ। बैनर पर लिखा था- 'ब्राह्मण का अपमान नहीं सहा जाएगा।' दरअसल, दरोगा भर्ती परीक्षा के पहले दिन शनिवार (14 मार्च) को सामान्य हिंदी के प्रश्नपत्र में पूछा गया था- अवसर के हिसाब से बदल जाने वाले को क्या कहेंगे? इसके 4 विकल्पों में पंडित, अवसरवादी, निष्कपट और सदाचारी थे। सवाल सामने आते ही विरोध शुरू हो गया।



■ युवक को पुलिस समझाती रही, लेकिन वह पूछता रहा कि ब्राह्मणों को प्रताड़ित क्यों किया जा रहा है।

## उपला-लकड़ी लेकर सपा छात्र सभा का जोरदार प्रदर्शन, हिरासत में लिए गए

# लखनऊ विश्वविद्यालय गेट पर पुलिस से भिड़े छात्र

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ । लखनऊ विश्विद्यालय के गेट पर सिलेंडर की किल्लत को लेकर समाजवादी छात्र सभा ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। समाजवादी छात्र सभा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने लकड़ी और उपले बांटकर विरोध जताया।

प्रदर्शनकारी छात्रों ने कहा कि बीजेपी के अच्छे दिनों की तरह घरों से सिलेंडर गायब हो गए हैं। पूरी भाजपा सरकार जुमलेबाज साबित हो रही है। गैस एजेंसियों के बाहर लंबी-लंबी लाइन लगी है। घरों में होटल में सब जगह सिलेंडर की मारामारी है।

हम लोग छात्र हैं जानते है हॉस्टल में और किराए पर रहने वाले छात्रों की स्थिति बेहद खराब है। उनके लिए चुनौती है कहां से लकड़ी लाएं और चूल्हे की व्यवस्था करें? बड़े-बड़े मंदिरों और धार्मिक स्थलों की मुफ्त रसोई बंद हो गई है। उपले की व्यवस्था करके भाजपा सरकार की आंख खोलने का काम करेंगे। भाजपा ने अच्छे दिनों के नाम पर पूरे देश को गुमराह किया है। इसलिए हम लोग वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में निशुल्क लकड़ी, उपले बांट रहे हैं। भारी मात्रा में हमारे पास उपले का स्टॉक मौजूद है। गैस न मिलने से सबसे ज्यादा छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा भूख से आम जनता को मारना चाहती है। ऐसे संकट के समय में हम देश के साथ खड़े हैं। हम नहीं चाहते हैं कि कोई भी भूखा रहे।



### 'छात्रों का जीवन सबसे ज्यादा प्रभावित'

प्रदर्शन कर रहे छात्र सभा सदस्य प्रिंस मौर्या ने कहा कि सिलेंडर की कीमत से आम जनता परेशान है। सरकार को आम जनता और व्यापारियों की कोई चिंता नहीं है।



■ प्रदर्शनकारियों ने गेट पर लकड़ी और उपल रखकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

### प्रदर्शनकारियों को हिरासत मिल गया

उपले लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं समाजवादी छात्र सभा के पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं को पुलिस ने उपले बांटने से रोका। मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया। मौके पर पाए गए उपले भी जब्त कर लिए। प्रदर्शनकरियों ने पुलिस के ऊपर अभद्रता करने और उपला छीनने का आरोप लगाया है।

> पुलिस से उनकी तीखी नोकझोंक और धक्का-मुक्की हुई। पुलिस ने उन्हें टांग-टांगकर गाड़ी में बैठाया। हिरासत में लेकर ईको गार्डन ले गई। इस दौरान प्रदर्शनकारी उपले ले लो, उपले ले लो के नारे लगाते रहे।

# 'परिवार के सदस्य को नौकरी 50 लाख सहायता मिले'

**तमसा संकेत, एजेंसी**

मोहनलालगंज । मोहनलालगंज इलाके के कनकहा गांव निवासी ग्राम रोजगार सेवक रमेश प्रजापति ने 15 मार्च को रायबरेली में आत्महत्या कर ली थी। आज कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय उसके परिवार से मिलने पहुंचे।

उन्होंने परिजनों को ढांढ़स बंधाया। परिवार को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। उन्होंने सरकार से मृतक ग्राम रोजगार सेवक के परिवार के एक सदस्य को नौकरी और 50 लाख रुपए आर्थिक सहायता देने की मांग की।

अजय राय ने कहा- ग्राम रोजगार सेवक रमेश प्रजापति ने आत्महत्या कर ली। उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। 18-20 महीने से सरकार प्रदेश में ग्राम रोजगार सेवकों को मानदेय नहीं दे रही है। उसका नतीजा है कि आज लोग आत्महत्या कर रहे हैं।

मैं एक दूसरी घटना में कौशाम्बी गया था। ये घटनाएं बहुत ही दुखद हैं। जो व्यक्ति परिवार के लिए दिन-रात मेहनत कर रहा है। काम कर रहा है। अगर वह अपने बीवी-बच्चों का आर्थिक सहयोग नहीं कर पाएगा, मदद नहीं कर पाएगा तो निश्चित तौर से टूट जाएगा।



रमेश प्रजापति, मृतक

■ ग्राम रोजगार सेवक ने रायबरेली में की थी आत्महत्या, अजय राय पहुंचे

उ.प्र. ग्राम रोजगार सेवक संघ के मोहनलालगंज ब्लॉक अध्यक्ष अंकुर शुक्ला ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई और पीड़ित परिवार को राहत देने की मांग की।

## शिकंजा : लग्जरी गाड़ी से घूमकर रेकी करते, शॉप के शटर तोड़कर हैंडसेट चुराते

# मोबाइल चुराकर नेपाल में बेचने वाले चार गिरफ्तार

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ । लखनऊ से मोबाइल चुराकर नेपाल में बेचने वाले चोर गिरोह के 4 सदस्यों को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 41 मोबाइल फोन, 2 टैबलेट, अवैध हथियार और वारदात में इस्तेमाल लग्जरी कार और बाइक बरामद की गई। मोबाइलों की कीमत करीब 20 लाख रुपए है।

एडीसीपी नॉर्थ रिषभ रूणवाल ने बताया- 22 फरवरी को जानकीपुरम गार्डन निवासी अभिषेक चौधरी ने दुकान का शटर तोड़कर चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। चोर करीब 30 नए मोबाइल, 10 पुराने मोबाइल, 4 टैबलेट और 10 हजार रुपए नकद ले गए थे। पुलिस मड़ियांव थाने में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश में लगी थी।



> आरोपियों के पास से 41 मोबाइल, 2 टैबलेट के अलावा 2 अवैध देशी तमंचे (.303 बोर), 1 रिवॉल्वर (.32 बोर) और कुल 9 जिंदा कारतूस बरामद हुए।



■ लखनऊ के मड़ियांव थानाक्षेत्र में बंद दुकानों के शटर तोड़कर मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

> बरामद सामान का संबंध मड़ियांव समेत अलीगंज, जानकीपुरम, चिनहट और इटौंजा थानों में दर्ज कई चोरी के मामलों का खुलासा हुआ है। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया है। उनके आपराधिक इतिहास की जानकारी अन्य जिलों से भी जुटाई जा रही है।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि पहले बाइक और कार से इलाके की रेकी करते थे। इसके बाद बंद दुकानों का शटर और ताला तोड़कर मोबाइल व टैबलेट चोरी कर लेते थे। चोरी का सामान नेपाल ले जाकर बेच देते थे और रुपए आपस में बांट लेते थे। आरोपी चोरी के दौरान हथियार साथ रखते थे।

### बहराइच के रहने वाले आरोपी

मुखबिर की सूचना पर मंगलवार सुबह मड़ियांव के यादव चौराहे के पास लोखड़िया मोड़ सर्विस रोड से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अमन (23), जीशान (26), अजमत अली उर्फ मंटू (25) और समीर उर्फ डाबर (19) के रूप में हुई है। सभी लखनऊ और बहराइच के अलग-अलग इलाकों के रहने वाले हैं।

आरोपियों के पास से 41 मोबाइल, 2 टैबलेट के अलावा 2 अवैध देशी तमंचे (.303 बोर), 1 रिवॉल्वर (.32 बोर) और कुल 9 जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई हुंडई वर्ना कार और दो मोटरसाइकिल भी कब्जे में ली हैं।

# एयरपोर्ट पर 8.55 करोड़ की ड्रग्स पकड़ी

## 17 वैक्यूम पॉलीबैग में मस्कट से लखनऊ लेकर आया

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ । लखनऊ एयरपोर्ट पर मस्कट से आए एक यात्री के पास से 8.55 करोड़ का गांजा (हाइड्रोपोनिक वीड) पकड़ा गया। आरोपी यात्री को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

सीमा शुल्क अधिकारियों के अनुसार, सोमवार को ओमान एयर की उड़ान (डब्ल्यूवाई 265) से लखनऊ पहुंचे एक संदिग्ध यात्री के सामान की जांच के दौरान गांजा मिला। खुफिया इनपुट के आधार पर उसके बैग की तलाशी ली गई, जिसमें प्रतिबंधित पदार्थ छिपाकर रखा गया था।

जांच के दौरान यात्री के काले-भूरे रंग के बैकपैक से 17 वैक्यूम पॉलीबैग मिले। इन पैकेटों को कैमलिन कार्बन पेपर में लपेटकर छिपाया गया था। पैकेटों में हरे रंग का पदार्थ पाया गया, जिसके हाइड्रोपोनिक वीड होने की आशंका है। बरामद पदार्थ का कुल वजन 8.552 किलोग्राम है। सीमा शुल्क विभाग ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस गांजे की अनुमानित कीमत 8,55,20,000 रुपए आंकी गई। बरामदगी के बाद मादक पदार्थ को एनडीपीएस अधिनियम की धारा 43 के तहत जब्त कर लिया गया।



■ लखनऊ एयरपोर्ट पर मस्कट से आए एक यात्री के पास से 8.55 करोड़ का गांजा (हाइड्रोपोनिक वीड) पकड़ा गया।

अधिकारियों ने आरोपी यात्री को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया, जिसे बाद में न्यायिक हिरासत में भेजा गया। मामले में आगे की जांच जारी है और तस्करी से जुड़े अन्य पहलुओं की भी पड़ताल की जा रही है।

## 13 केंद्र चिह्नित, 9 को नोटिस, गलत जांच से मरीजों की सेहत पर खतरा

# अवैध पैथोलॉजी पर कार्रवाई तेज

**जांच**

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। जिले में बिना लाइसेंस और मानकों के विपरीत संचालित पैथोलॉजी केंद्रों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। जांच में 13 अवैध पैथोलॉजी केंद्र चिह्नित किए गए हैं। इनमें से 9 संचालकों को नोटिस जारी किया गया है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, इलाज की शुरुआत जांच से होती है। ऐसे में गलत रिपोर्ट मरीज के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। कई मामलों में देखा गया है कि पैथोलॉजी की गलत रिपोर्ट के आधार पर उपचार शुरू होने से मरीजों की स्थिति बिगड़ जाती है।



**पहले भी हुई थी सीलिंग की कार्रवाई**

13 मार्च को भी स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई करते हुए कई पैथोलॉजी केंद्रों को बंद कराया था। अकबरपुर सीएचसी की टीम ने अवध पैथोलॉजी (शहजादपुर), प्रेमा पैथ लैब और ड्रीम पैथ लैब (सिकंदरपुर), सत्यनारायण वर्मा लैब (उदयनगर) और एक अन्य केंद्र को बंद पाया। इन्हें सील कर दिया गया।

चिह्नित केंद्रों में समर्थ पैथ लैब (पटेलनगर अकबर-पुर), तेजस पैथ लैब (औलियापुर), श्री पैथ लैब (बसखारी रोड), पैथ काइंड (कोतवाली के सामने), देव पैथ लैब (कचहरी रोड), ओरी पैथ लैब, एमएस डायग्नोस्टिक (टांडा रोड), ज्योति डायग्नोस्टिक, लखनऊ डायग्नोस्टिक सेंटर, आरसी लैब (सूरापुर), रेडचीफ लैब (अकबरपुर), केयर पैथ लैब और एसएस डायग्नोस्टिक सेंटर शामिल हैं। इस अभियान में सीएचसी अधीक्षक डॉ. नूर अहमद, चीफ फार्मासिस्ट रमेश कुमार और स्वास्थ्य कर्मियों की टीम शामिल रही। सीएमओ ने स्पष्ट किया कि जिले में अवैध हॉस्पिटल, क्लीनिक और पैथोलॉजी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। सभी संचालकों को नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

**शहर से गांव तक फैला नेटवर्क**

जिले में नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक कई पैथोलॉजी केंद्र बिना लाइसेंस संचालित हो रहे हैं। इनमें कुछ केंद्र नामी कंपनियों के नाम से भी चल रहे हैं, लेकिन वे निर्धारित मानकों का पालन नहीं कर रहे। हाल के दिनों में प्रसव के दौरान हुई मौतों और अवैध अस्पतालों की जांच में भी पैथोलॉजी केंद्रों की भूमिका सामने आई है। जांच में पाया गया कि कई मामलों में गलत जांच रिपोर्ट इलाज को प्रभावित कर रही थी।

- **मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार शैवाल ने सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अधीक्षकों को अपने-अपने क्षेत्र में संचालित पैथोलॉजी की जांच करने के निर्देश दिए थे।**
- **निर्देश के बाद अधीक्षकों ने रिपोर्ट तैयार कर विभाग को भेजी। पहली सूची में 13 अवैध पैथोलॉजी केंद्र चिन्हित किए गए।**

## वन टाइम टैक्स व्यवस्था के विरोध में जेसीबी संचालकों का प्रदर्शन

### पुरानी प्रणाली बहाल करने की मांग

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। परिवहन विभाग द्वारा लागू की गई वन टाइम टैक्स व्यवस्था के विरोध में जेसीबी संचालकों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। इस दौरान संचालकों ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर पुरानी टैक्स व्यवस्था बहाल करने की मांग उठाई। जेसीबी यूनियन के जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गुप्ता ने बताया कि संचालकों की आजीविका पूरी तरह जेसीबी मशीनों पर निर्भर है। पहले वे पुरानी टैक्स प्रणाली के तहत नियमित कर जमा करते थे।

उनका कहना है कि वन टाइम टैक्स लागू होने से एकमुश्त भुगतान का दबाव बढ़ गया है। इससे छोटे संचालकों को आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



संचालकों ने बताया कि नई व्यवस्था पुरानी मशीनों पर भी लागू कर दी गई है। इससे संचालन मुश्किल हो गया है। कई लोग अपनी मशीनें बंद करने पर विचार कर रहे हैं। उनका कहना है कि यदि यही स्थिति रही तो रोजगार पर असर पड़ेगा और कई परिवार प्रभावित होंगे। प्रदर्शन के दौरान संचालकों ने चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों के भीतर उनकी मांगों पर निर्णय नहीं लिया गया, तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। यूनियन ने कहा कि सरकार को इस मुद्दे पर पुनर्विचार करना चाहिए। संचालकों की मांग है कि वन टाइम टैक्स व्यवस्था समाप्त कर पुरानी प्रणाली को फिर से लागू किया जाए।

**फास्ट न्यूज**

### एसपी ने कार्यालय में की जनसुनवाई

अंबेडकरनगर। एसपी अभिजित आर. शंकर ने मंगलवार को कार्यालय में आमजन के लिए विशेष जनसुनवाई का आयोजन किया। जनसुनवाई के दौरान सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना गया। अधिकारी हर मामले का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किए गए। जनसुनवाई में लोग सड़क, पानी, बिजली और सामाजिक सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को लेकर पहुंचे।

### मनोनीत सदस्यों का आत्मीय स्वागत

जलालपुर, अम्बेडकरनगर। उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 के तहत नगर पालिका परिषदों के लिए लंबे इंतजार के बाद मनोनीत सदस्यों की सूची जारी होते ही जलालपुर में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई। नगर पालिका परिषद-जलालपुर के लिए घोषित पांच सदस्यों का पार्टी की ओर से भव्य और आत्मीय स्वागत किया गया। वरिष्ठ नेता संजीव मिश्र और नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरि ने नवनियुक्त सदस्यों को माला पहनाकर सम्मानित किया। मनोनीत सदस्य आशाराम मौर्या, सुरेश गुप्ता, विकास कुमार सोनकर, रामवृक्ष भार्गव, गौरव उपाध्याय का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया।

### वाहन चेकिंग अभियान तेज

अम्बेडकरनगर । यातायात व्यवस्था सुधारने और सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए चलाए जा रहे सघन वाहन चेकिंग अभियान में लगातार कार्रवाई जारी है। 01 मार्च 2026 से अब तक 1026 वाहनों का चालान किया गया है। सोमवार को अकेले 97 वाहनों पर जुर्माना लगाया गया। वाहन चालकों से शमन शुल्क भी वसूला गया। 16 मार्च 2026 को 3 वाहनों से कुल 2000 रुपये का शमन शुल्क लिया गया।

## वित्तीय अनियमितता और लापरवाही के आरोप में प्रधानाध्यापक निलंबित

- **निरीक्षण में सामने आई अनियमितताएं**
- **जांच के आदेश, किया गया संबद्ध**




तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। बेसिक शिक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पीएम श्री कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय मंशापुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक अवधेश मणि को निलंबित कर दिया है। उन पर वित्तीय अनियमितता और पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही के आरोप हैं।

बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार पटेल ने 14 मार्च को विद्यालय का निरीक्षण किया था। यह विद्यालय पीएम श्री योजना के अंतर्गत संचालित है, जहां विकास कार्यों के लिए शासन स्तर से धनराशि भेजी जाती है।

जांच के दौरान पाया गया कि संबंधित प्रधानाध्यापक ने विद्यालय मद से धनराशि आहरित की, लेकिन निर्धारित कार्य पूरे नहीं कराए। प्रथम दृष्टया वित्तीय नियमों के उल्लंघन और कार्य में लापरवाही की पुष्टि हुई। इस आधार पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। कार्रवाई उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी वर्ग नियमावली-1973 और सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली, 1999 के तहत की गई है। मामले की जांच के लिए खंड शिक्षा अधिकारी टांडा को जांच अधिकारी बनाया गया है। निलंबन अवधि में अवधेश मणि को उच्च प्राथमिक विद्यालय मथानी, शिक्षा क्षेत्र कटेहरी से संबद्ध किया गया है।

## चैत नवरात्र और विशेष कार्यक्रमों के चलते लिया गया फैसला, 19 मार्च शाम तक रहेगा प्रभावी

# अंबेडकरनगर-अयोध्या रूट पर भारी वाहनों का डायवर्जन आज रात से लागू

**बदलाव**

- **अकबरपुर शहर में विशेष व्यवस्था लागू**

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। चैत नवरात्र के शुभारंभ के अवसर पर अयोध्या में बड़े स्तर पर कार्यक्रम प्रस्तावित हैं। इनमें मुख्यमंत्री, राज्यपाल और अन्य विशिष्ट लोगों की मौजूदगी तय है। श्रद्धालुओं की संभावित भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है।

18 मार्च की रात 11 बजे से अयोध्या की ओर जाने वाले भारी



वाहनों पर डायवर्जन लागू कर दिया जाएगा। यह व्यवस्था 19 मार्च की शाम 5 बजे तक प्रभावी रहेगी। इस दौरान ट्रक, ट्रैक्टर, डीसीएम जैसे बड़े वाहनों का प्रवेश सीमित रहेगा।

यातायात उपनिरीक्षक जयबहादुर यादव के अनुसार अकबरपुर शहर में भी डायवर्जन लागू रहेगा। भारी वाहनों को तहसील तिराहा से शहजादपुर और गौहन्ना बाईपास के रास्ते पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की ओर भेजा जाएगा।

इसके अलावा मालीपुर, जलालपुर रोड बाईपास, बसखारी रोड के न्यौतरिया बाईपास, टांडा रोड के कटरिया याकूबपुर बाईपास, पहतीपुर श्रवण क्षेत्र मोड़, दोस्तपुर रोड के गौहन्ना चौराहा बाईपास और अन्नावां तिराहा से भी वाहनों का रूट बदला गया है।

**अलीगंज थाना क्षेत्र के सम्हरिया चौराहा से सेवागंज बैरियर के रास्ते अयोध्या जाने वाले बड़े वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।**

**अहिरौली के यादवनगर तिराहा से भारी वाहनों को डायवर्ट कर महरुआ होते हुए टांडा-रायबरेली मार्ग पर भेजा जाएगा।**

**भीटी क्षेत्र में चनहा चौराहा से वाहनों को भीटी बाजार के रास्ते सुलतानपुर रोड की ओर मोड़ा जाएगा।**

**इन मार्गों से किया गया डायवर्जन**

संतकबीरनगर और बस्ती से आने वाले भारी वाहनों को घनघटा, बिड़हर घाट और रामनगर से डायवर्ट किया जाएगा। इसके बाद ये वाहन न्यौरी-जलालपुर होते हुए मालीपुर-सुरहुरपुर के रास्ते पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से अपने गंतव्य की ओर जाएंगे।

गोरखपुर से अयोध्या जाने वाले वाहनों के लिए गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे का उपयोग तय किया गया है। यहां से वाहन पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के जरिए आगे बढ़ेंगे।

आजमगढ़ और बसखारी क्षेत्र से आने वाले भारी वाहनों को न्यौतरिया बाईपास से मोड़कर अकबरपुर के गौहन्ना चौराहे से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर भेजा जाएगा।

## टांडा क्षेत्र में दिनदहाड़े वारदात, लोगों की सतर्कता से नाकाम हुई कोशिश

# नकली पिस्टल के दम पर ज्वेलर्स की दुकान में लूट का प्रयास

- **शोर मचाते ही सक्रिय हुए स्थानीय लोग**
- **पुलिस ने शुरू की जांच**
- **सतर्कता से टली बड़ी वारदात**

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । टांडा कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक ज्वेलर्स की दुकान पर लूट का प्रयास किया गया। आरोपी ने नकली पिस्टल के सहारे दुकानदार को धमकाकर आभूषण लेकर भागने की कोशिश की, लेकिन स्थानीय लोगों की सतर्कता से उसकी योजना विफल हो गई। लोगों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। दुकानदार के शोर मचाने पर



**टांडा कोतवाली के प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जा रही है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि वह पहले भी किसी आपराधिक गतिविधि में शामिल रहा है या नहीं।**

आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंच गए। आरोपी भागने लगा, लेकिन लोगों ने पीछा कर उसे कुछ ही दूरी पर पकड़ लिया। इस दौरान गुस्साए लोगों ने उसकी पिटाई भी कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को भीड़ से छुड़ाकर हिरासत में ले लिया। घटना के बाद इलाके में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा। पुलिस के अनुसार, आरोपी के पास से बरामद पिस्टल नकली पाई गई है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है और मामले की जांच जारी है। स्थानीय लोगों की तत्परता के चलते एक बड़ी लूट की घटना टल गई।

**दुकान में ग्राहक बनकर पहुंचा आरोपी**

घटना टांडा थाना क्षेत्र के छोटी बाजार में स्थित एक ज्वेलर्स की दुकान पर हुई। आरोपी की पहचान छोटी बाजार निवासी नसीम अहमद के रूप में हुई है। वह दुकान पर ग्राहक बनकर पहुंचा और खुद को सऊदी से आया हुआ बताया। उसने दुकानदार से अंगूठी और चेन दिखाने को कहा। दुकानदार द्वारा आभूषण दिखाए जाने पर आरोपी ने उन्हें अपने हाथ में ले लिया। इसी दौरान उसने अपने पास रखी नकली पिस्टल निकालकर दुकानदार को धमकाया और आभूषण लेकर भागने की कोशिश की।

पुलिस ने लोगों की सतर्कता की सराहना की है और ऐसी स्थिति में तुरंत सूचना देने की अपील की है।

# जल जीवन मिशन की जांच में लापरवाही उजागर

### सीडीओ की जांच में नव निर्मित पानी टंकी में मिली खामियां, कार्रवाई शुरू

**कार्रवाई**

- **सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्था से जवाब तलब किया है।**

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जिले में जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों में लापरवाही सामने आई है। भियांव ब्लॉक में नव निर्मित पानी टंकी की जांच के दौरान अनियमितताएं पाई गईं। मुख्य विकास अधिकारी आनंद शुक्ल ने मौके पर निरीक्षण किया। जांच में निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठे।



प्रारंभिक जांच में कार्य मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया।

निरीक्षण के दौरान टंकी निर्माण में तकनीकी कमी और लापरवाही सामने आई। यह कार्य जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल योजना के अंतर्गत कराया जा रहा था।

जांच के बाद लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सरकारी योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आगे भी जांच अभियान जारी रहेगा।

## रमजान के मौके पर जरूरतमंदों को कपड़ा वितरण

### जलालपुर में सामाजिक संस्था की पहल

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। पवित्र रमजान माह के दौरान जलालपुर क्षेत्र में सामाजिक पहल के तहत जरूरतमंदों को ईद के लिए कपड़े वितरित किए गए। कार्यक्रम का आयोजन हमदर्द कबीला एसोसिएशन द्वारा किया गया। संस्था के अध्यक्ष मोहम्मद सद्दाम की ओर से उनके जन्मदिन के अवसर पर यह वितरण किया गया। इस दौरान दर्जनों जरूरतमंदों को निशुल्क कपड़े दिए गए। कपड़ा मिलने के बाद लाभार्थियों ने खुशी जताई। उन्होंने संस्था और आयोजकों का आभार व्यक्त किया। आयोजन में स्थानीय लोगों की भी भागीदारी रही।

मोहम्मद सद्दाम ने बताया कि संस्था की ओर से रमजान के दौरान विभिन्न सामाजिक कार्य किए जा रहे हैं। इसमें जरूरतमंदों को रमजान



किट उपलब्ध कराना भी शामिल है।उन्होंने कहा कि आगे भी संस्था समाज के सभी वर्गों के लिए काम करती रहेगी।

इस अवसर पर संस्था से जुड़े मेंराज अहमद, हामिद कमर, जफर और जीशान समेत कई सदस्य उपस्थित रहे।

## अपील : अकबरपुर ब्लॉक में महिला दिवस पर अधिकार और आत्मनिर्भरता पर जोर

# महिला सशक्तिकरण पर जागरूकता कार्यक्रम

**आयोजन**

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। अकबरपुर ब्लॉक में जन शिक्षण केंद्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन दसरा के सहयोग से किया गया, जिसमें महिलाओं की भागीदारी प्रमुख रही।

कार्यक्रम की शुरुआत खंड विकास अधिकारी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुई। संस्था की सचिव पुष्पा पाल ने बताया कि इस वर्ष महिला दिवस का विषय "अधिकार, न्याय और कार्रवाईः सभी महिलाओं और बालिकाओं के लिए" रखा गया है। इसका उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों को व्यवहारिक रूप से लागू करना है।

**आत्मनिर्भरता और योजनाओं से जुड़ने पर जोर**

मुख्य अतिथि बीडीओ ने कहा कि महिलाएं अब जागरूक होकर आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और अन्य सरकारी योजनाओं से जुड़ने की अपील की।

उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं बचत, रोजगार और कौशल विकास से जुड़ सकती हैं। इससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।



- **सहायक श्रमायुक्त ने ई-श्रम पोर्टल और अन्य योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि लाभ सीधे बैंक खातों में भेजा जा रहा है।**
- **कार्यक्रम की अध्यक्षता नारी संघ की अध्यक्ष कृष्णमती ने की। उन्होंने महिलाओं से संगठित होकर अधिकारों के लिए आगे आने की अपील की।**

स्वास्थ्य, सुरक्षा और अधिकारों पर जानकारी

रेड क्रॉस सोसाइटी से जुड़ी संध्या सिंह ने शिक्षा और स्वास्थ्य को महिलाओं की ताकत बताया।

महिला कांस्टेबल अर्चना ने साइबर सुरक्षा और हेल्पलाइन नंबर 1090, 1076, 112 और 102 की जानकारी दी।

## अतिक्रमण हटाओ अभियान के बाद आई नई समस्या

### नालियों में भरा मलबा, सड़क पर फैल रहा गंदा पानी

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। नगर पालिका परिषद अकबरपुर द्वारा चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान के बाद शहर में नई समस्या सामने आ गई है। सुल्तानपुर मार्ग पर पहितीपुर चौराहा शहजादपुर से इंद्रलोक कॉलोनी मोड़ तक नालियों से हटाया गया अतिक्रमण अब परेशानी का कारण बन गया है।

अभियान के दौरान तोड़फोड़ का मलबा नालियों में ही छोड़ दिया गया। सोमवार को सड़क पर फैले कुछ मलबे को हटाया गया, लेकिन नालियों की सफाई नहीं कराई गई।

इससे नालियां पूरी तरह भर गई हैं। गंदा और बदबूदार पानी सड़क किनारे और सड़क पर फैल रहा है। इससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को दिक्कत हो रही है।

नालियों में जमा गंदा पानी मच्छरों के पनपने के लिए अनुकूल स्थिति बना रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है।



- **नालियों में मलबा छोड़ने से जलभराव**
- **मच्छरों का बढ़ा खतरा, बीमारियों की आशंका**
- **लोगों को बदबू और गंदगी के बीच रहने को मजबूर होना पड़ रहा है।**

# सम्पादकीय

## पांच राज्यों में चुनाव, कई सवाल




देश में एक बार फिर चुनावी हलचल तेज हो चुकी है। रविवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने एक प्रेस वार्ता में असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया है। चुनाव अगले महीने 9 तारीख से शुरु होकर 29 अप्रैल तक चलेंगे। असम, केरल और पुडुचेरी में 9 अप्रैल को, तमिलनाडु में 23 अप्रैल को और पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को दो चरणों में मतदान होगा, जबकि सभी राज्यों के नतीजे 4 मई को घोषित किए जाएंगे। जिस तरह महीने भर का चुनाव कार्यक्रम बनाया गया है, उसके बाद एक देश एक चुनाव जैसी बातें बेमानी ही लगती हैं। पिछले साल के चुनावों के वक्त भी ऐसा ही हुआ था और उससे पहले भी परिदृश्य ऐसा ही था कि कई चरणों में लंबी चुनावी प्रक्रिया चलती है। अगर स्वतंत्र, निष्पक्ष चुनावों के लिए यह लंबी प्रक्रिया जरूरी है, तो उसमें कोई हर्ज नहीं है। मगर फिर एक देश एक चुनाव के लिए जनता के पैसों पर समिति बनाकर उसमें सेवानिवृत्त लोगों को भरने का क्या औचित्य है। जब जनता का ध्यान भटकाने के लिए कोई बात नहीं रह जाती है, तो अचानक नरेन्द्र मोदी को चुनावी खर्च बचाने के लिए एक देश एक चुनाव की बात याद आती है। मगर फिर वही ढाक के तीन पात! बहरहाल, चुनावों की घोषणा करने के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से प्रेस कांफ्रेंस में जिस तरह के सवाल हुए, उनमें बार-बार यही नजर आया कि चुनाव आयोग की साख दरक चुकी है और उस पर भरोसा भी कम हुआ है। वहां मौजूद कई पत्रकारों ने एसआईआर, चुनावी हिंसा, भाजपा के दबाव आदि को लेकर सवाल किए। विपक्ष भी अक्सर यही सवाल उठाता है, लेकिन उसे जवाब की जगह उलाहना मिलती है। पत्रकारों के सवालों के जवाब तो ज्ञानेश कुमार ने दिए, मगर क्या वे कभी आत्ममंथन करेंगे कि उनसे ऐसे सवाल करने की नौबत क्यों आई। बहरहाल, प्रेस वार्ता में एक सवाल बंगाल चुनाव के सीमित चरणों पर हुआ। पिछली बार बंगाल में सुरक्षा का हवाला देकर आठ चरणों में चुनाव हुए थे, लेकिन इस बार केवल दो चरणों में हो रहे हैं। ज्ञानेश कुमार ने इस बारे में कहा कि, 'पश्चिम बंगाल में चुनाव पहले के आठ चरणों के बजाय दो चरणों में आयोजित किए जाने के संबंध में, आयोग ने विस्तृत विचार-विमर्श किया और अपने विवेक से यह पाया कि चरणों की संख्या कम करना और इसे उस स्तर तक लाना आवश्यक है जहां यह सभी के लिए सुविधाजनक हो...' अब ये तो चुनाव के बाद ही पता चलेगा कि क्या प.बंगाल में दो चरणों में चुनाव का फैसला कारगर होता है या नहीं। वैसे चुनाव आयोग ने रविवार आधी रात को प.बंगाल में मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती और गृह सचिव जगदीश प्रसाद मीना को उनके पदों से हटा दिया है। आयोग के आदेशानुसार नंदिनी चक्रवर्ती को चुनाव से जुड़े किसी भी काम से दूर रखा जाएगा। उनकी जगह 1993 बैच के आईएएस अधिकारी दुष्यंत नरियाल को नया मुख्य सचिव बनाया गया है। गृह विभाग में प्रधान सचिव के पद पर 1997 बैच की आईएएस अधिकारी संघमित्रा घोष को लगाया गया है। इसके अलावा राज्य के पुलिस महानिदेशक यानी डीजीपी पीयूष पांडे को हटाकर सिद्धनाथ गुप्ता को उनकी जगह लगाया गया है। कोलकाता पुलिस कमिश्नर सुप्रतीम सरकार की जगह अजय कुमार नंद को कमिश्नर बनाया गया है। चुनाव आयोग का कहना है कि यह बदलाव राज्य में चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के बाद किया गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि पश्चिम बंगाल में चुनाव शांतिपूर्ण और बिना हिंसा के होंगे। इसी मक़सद से वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का तबादला किया गया है। चुनाव आयोग ने कहा कि ये आदेश तुरंत लागू होंगे और सोमवार दोपहर 3 बजे तक नए अधिकारियों के पदभार ग्रहण की रिपोर्ट मांगी गई है। हालांकि शीर्ष अधिकारियों के तबादले के आदेश से हंगामा मच गया है। यह तबादला पश्चिम बंगाल में हाल के समय में बहुत बड़ा और असामान्य है। ममता बनर्जी ने इस फैसले के खिलाफ सड़कों पर उतरने की घोषणा की है। वहीं सोमवार को टीएमसी सांसदों ने संसद में हंगामा किया और राज्यसभा से पूरे दिन के लिए बहिर्गमन किया।


# "पंडित": समकालीन सियासत का विमर्श



डॉ. उदयराज मिश्र

> आज यदि इस शब्द को संकीर्ण राजनीतिक अर्थों में प्रस्तुत किया जा रहा है, तो यह न केवल भाषिक विकृति है बल्कि भारतीय सांस्कृतिक चेतना के साथ भी अन्याय है।

भारतीय संस्कृति में शब्द केवल ध्वनि या संबोधन नहीं होते, बल्कि वे ज्ञान, परंपरा और सामाजिक चेतना के वाहक होते हैं। "पंडित" शब्द भी ऐसा ही एक महत्त्वपूर्ण पद है, जो भारतीय ज्ञानपरंपरा में अत्यन्त सम्मान और गरिमा से जुड़ा हुआ रहा है। दुर्भाग्यवश आधुनिक समय में इस शब्द को लेकर कई प्रकार की भ्रांतियाँ और राजनीतिक व्याख्याएँ सामने आई हैं। इसलिए "पंडित" शब्द की व्याकरणीय, निरुक्तीय और साहित्यिक व्याख्या के साथ-साथ यह समझना भी आवश्यक है कि वर्तमान समय में इसे लक्ष्य बनाकर किस प्रकार की कुत्सित सियासत की जा रही है। वस्तुतः हिंदी में पंडित लिखे जाने वाले शब्द और उससे जिस समदर्शी विवेकी का बोध होता है उसे अंग्रेजी भाषा में भी Pundit ही लिखा जाता है। व्याकरणीय दृष्टि से "पंडित" शब्द की उत्पत्ति संस्कृत भाषा के"पण्ड्" धातु से मानी जाती है।"पण्ड्" धातु का अर्थ है — ज्ञान प्राप्त करना, बुद्धि का विकास करना, तत्त्व का विवेचन करना।इस धातु में इट् या क्त प्रत्यय के योग से "पण्डित" शब्द का निर्माण होता है। इस प्रकार पण्ड् (ज्ञान) + इट् प्रत्यय = पण्डित निर्वचित होता है।जिसे निम्नवत परिभाषित किया जा सकता है - सद असद विवेकात्मिका बुद्धिःपंडा कथ्यते।येन सा संजातःसः पंडितः। अर्थात् वह व्यक्ति जो ज्ञान से सम्पन्न हो तथा जो उचित और अनुचित में,सत्य और असत्य में विभेद करने में समर्थ जो तथा जो शास्त्रों का विवेकपूर्ण अध्ययन कर सके और समाज को मार्गदर्शन देने की क्षमता रखता हो,उसे पंडित कहते हैं।इन लक्षणों से युक्त कोई ही व्यक्ति पंडित संज्ञक हो सकता है।इसमें सिर्फ ब्राह्मण होने का कोई विधान नहीं है।इसी तरह संस्कृत कोशों में भी "पंडित" का अर्थ विद्वान, बुद्धिमान, प्राज्ञ, तत्त्वज्ञ और शास्त्रवेत्ता बताया गया है। निरुक्त परंपरा में "पंडित" शब्द की




व्याख्या पण्डा ज्ञानं तस्यास्ति इति पण्डितः कहते हुए की जाती है।अर्थात् जिसमें पण्डा (ज्ञान, प्रज्ञा या विवेक) हो, वही पंडित है।अमरकोश में भी पंडित के अर्थ में विद्वान, प्राज्ञ और धीर जैसे शब्द प्रयुक्त हुए हैं। इससे स्पष्ट है कि "पंडित" शब्द मूलतः ज्ञान और विवेक का प्रतीक है, न कि किसी जाति या वर्ग का नाम।भारतीय वाङ्मय में "पंडित" शब्द का प्रयोग अत्यन्त सम्मान के साथ किया गया है।श्रीमद्भगवद्गीता (5.18) में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं— अर्थात् सच्चे पंडित वे हैं जो विद्या और विनय से सम्पन्न होकर सभी प्राणियों में समभाव देखते हैं।अर्थात् जो सुख और दुःख में समान भाव रखे वही पंडित है।नीतिशतक में भी यह स्पष्ट किया गया है कि ज्ञान ही मनुष्य को श्रेष्ठ बनाता है और वही उसे पंडित की संज्ञा देता है। प्रश्न जहां भारतीय समाज में ब्राह्मणों का विशेषकर पंडितों का है तो इनका प्रमुख कार्य अध्ययन और अध्यापन रहा है। इसलिए अनेक ब्राह्मण विद्वानों को "पंडित" की उपाधि दी गई। किन्तु यह उपाधि केवल ब्राह्मणों तक सीमित नहीं रही। भारतीय परंपरा में दर्शन के आचार्य,ज्योतिष और व्याकरण के विद्वान,संगीत और काव्य के महान कलाकार,सभी को "पंडित" की उपाधि दी जाती रही है।अतः यह स्पष्ट है कि "पंडित" शब्द जाति का नहीं बल्कि विद्वत्ता का सूचक है। शास्त्रीय रूप से पंडित शब्द के प्रयोग और व्यवहार को लेकर किसी को कोई आपत्ति नहीं है।किंतु वर्तमान समय में कुछ राजनीतिक और वैचारिक समूहों ने "पंडित" शब्द को ब्राह्मण समुदाय के विरुद्ध व्यंग्यात्मक या अपमानजनक संदर्भों में प्रयुक्त करना शुरू किया है,जोकि विवाद और विमर्श का मुख्य कारण है। दूसरा, वोट बैंक की राजनीति, जिसमें समाज को जातीय खाँचों में बाँटकर राजनीतिक लाभ उठाने का प्रयास किया जाता है,तीसरा, सांस्कृतिक शब्दों का राजनीतिककरण।जिसके कारण गंभीर और सम्मानसूचक शब्द भी विवाद का विषय बन जाते हैं। यह प्रवृत्ति न केवल भाषिक विकृति है, बल्कि सामाजिक समरसता के लिए भी घातक है। इतिहास साक्षी है कि भारतीय संस्कृति का मूल संदेश समन्वय और सह-अस्तित्व का है।वसुधैव कुटुंबकम् इसकी प्राणभूत आत्मा है।करुणा,क्षमा,दया आदि इसके प्रमुख अंग हैं।ऋग्वेद की यह वाणी इसी भावना को व्यक्त करती है— अर्थात् साथ चलो, साथ बोलो और साथ मिलकर विचार करो।कदाचित तथागत गौतम ने ऋग्वेद को ही आधार मानकर बुद्धम शरणं गच्छामि, संघम शरणम् गच्छामि,धम्मम शरणम् गच्छामि का उद्घोष किया था। जिससे स्पष्ट है कि यदि समाज अपने सांस्कृतिक शब्दों की मूल भावना को समझे तो अनावश्यक विवाद स्वतः समाप्त हो सकते हैं। "पंडित" शब्द भारतीय ज्ञानपरंपरा का गौरवपूर्ण प्रतीक है। व्याकरण, निरुक्त और साहित्य—तीनों ही दृष्टियों से इसका अर्थ है ज्ञान, विवेक और समदृष्टि से सम्पन्न व्यक्ति। आज यदि इस शब्द को संकीर्ण राजनीतिक अर्थों में प्रस्तुत किया जा रहा है, तो यह न केवल भाषिक विकृति है बल्कि भारतीय सांस्कृतिक चेतना के साथ भी अन्याय है। अतः आवश्यक है कि हम "पंडित" शब्द की वास्तविक अर्थवत्ता को समझें और इसे ज्ञान, प्रज्ञा और सांस्कृतिक गरिमा के प्रतीक के रूप में सम्मान दें।घूसखोर पंडित जैसी फिल्म बनाकर या फिर सोशल मीडिया पर ब्राह्मणों और पंडितों को लक्ष्यकरके ऊलजुलूल बातें लिखने से या फिर प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों में वर्तमान राजनीति को लक्ष्यकर पंडितों पर प्रहार बंद होना ही देश और समाज के हित में है।पंडितों की व्याख्या संकुचित अर्थों की बजाय व्यापक अर्थों में होनी हो चाहिए,यही समय की मांग है,वक्त की नजाकत है।

## जन सुराज का...

रामस्वरूप रावतसरे

# 'महाराष्ट्र धर्म स्वतंत्रता अधिनियम 2026' अवैध धर्मांतरण व 'लव जिहाद' पर लगाम

'महाराष्ट्र धर्म स्वतंत्रता अधिनियम, 2026' महाराष्ट्र विधानसभा में पेश हो चुका है। इसमें लालच, बहला-फुसला कर या झाँसा देकर अवैध तरीके से कराए गए धर्मांतरण को रोकने के लिए सख्ती बरती गई है। ऐसे मामले में 7 साल जेल और 1 लाख से 5 लाख तक जुर्माने का प्रावधान है। धर्मांतरण से 60 दिन पहले सूचित करने को भी अनिवार्य कर दिया गया है। नाबालिग, महिला, एससी-एसटी और मानसिक रूप से अस्वस्थ्य व्यक्ति के केस में सजा का प्रावधान ज्यादा है। बार-बार ऐसा करने पर आरोपितों को 10 साल सजा दी जा सकती है। धर्म स्वतंत्रता विधेयक 2026 के अनुसार अगर किसी महिला की जबरदस्ती या झाँसे में लेकर शादी कर दी जाती है। ऐसी स्थिति में जो बच्चा पैदा होता है तो उस बच्चे को माँ के मूल धर्म का माना जाएगा, यानी वह धर्म जो धर्मांतरण से पहले वह अपनाती थी। इस केस में बच्चे को माता-पिता की संपत्ति से भरण-पोषण पाने का अधिकार भी मिलेगा। कानून में 'ब्रेनवॉशिंग' को अपराध माना गया है। बिल में 'शिक्षा के माध्यम से ब्रेनवॉशिंग' को अवैध धर्मांतरण का जरिया बताया गया है। इसमें एक धर्म को दूसरे से बेहतर बताना भी 'लालच' की श्रेणी में आएगा। साथ ही, किसी धर्म के रीति-रिवाजों को नकारात्मक तरीके से पेश करना 'अवैध प्रभाव' की श्रेणी में आएगा। जानकारी के अनुसार विधेयक में पुलिस को कार्रवाई की विशेष शक्ति दी गई है। पुलिस को अगर लगता है कि जबरन धर्मांतरण हुआ है या कानून का पालन नहीं किया गया है तो बिना औपचारिक शिकायत के भी स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई करने कर सकती है। इस विधेयक में 'प्रलोभन' का दायरा बढ़ा दिया गया है। शिक्षा के अलावा,



पैसा देकर या गिफ्ट देकर, रोजगार की सुविधा मुहैया कराकर या फिर धार्मिक संस्थानों द्वारा मुफ्त शिक्षा देकर धर्मांतरण करना 'लालच' की श्रेणी में ही आएगा। विधेयक में संस्थाओं पर कार्रवाई का भी प्रावधान है। यदि कोई संस्था या संगठन इसमें शामिल पाया जाता है तो उसका पंजीकरण रद्द किया जा सकता है और जिम्मेदार लोगों को 7 साल तक की जेल हो सकती है। विधेयक के अनुसार अगर कोई व्यक्ति स्वेच्छा से धर्म परिवर्तन करना चाहता है तो उसे कम से कम 60 दिन पहले जिला मजिस्ट्रेट को लिखित सूचना देनी होगी। इसमें व्यक्ति का नाम, उम्र, किस धर्म में है, किसे ज्वाइंन करना है- जैसी जानकारी देनी होगी। इसके बाद स्थानीय जिला प्रशासन इसकी जाँच करेगा कि वह व्यक्ति किसी दबाव में या लालच में धर्मांतरण तो नहीं कर रहा। सारी जाँच के बाद ही उसे धर्मांतरण की अनुमति दी जाएगी। शादी के 25 दिन के अंदर इसका पंजीकरण करना भी जरूरी होगा, वरना इसे मान्यता नहीं दी जाएगी। अगर कोई कानून का पालन नहीं करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। धर्म परिवर्तन के नियमों का पालन अगर नहीं किया जाता है, तो धर्मांतरण को अवैध घोषित किया जाएगा। उसे जेल और जुर्माना या दोनों सजा का सामना करना पड़ सकता है। उसे 7 साल जेल हो सकती है। एक लाख का जुर्माना लगाया जा सकता है। अगर मामला किसी महिला, नाबालिग,एससी, एसटी से जुड़ा होता है तो 5 लाख तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। पिछले 8 सालों में भाजपा शासित कई सरकारों ने इस तरह के धर्मांतरण को रोकने के लिए कानून बनाए हैं, ताकि किसी व्यक्ति को, खासकर महिलाओं को आसानी से अवैध तरीके से धर्मांतरण नहीं कराया जा सके। इन कानूनों का मकसद लव जिहाद से हिंदू लड़कियों और महिलाओं को छुटकारा दिलाना है। उन्हें जबरदस्ती धर्म-परिवर्तन कराने और शादी कराने से रोकना है। 2017 से 9 राज्यों ने अवैध धर्म-परिवर्तन को रोकने कानून बनाए गए। इनमें 2017 में झारखंड, 2018 में उत्तराखंड , 2019 में हिमाचल प्रदेश, 2020 में उत्तर प्रदेश, गुजरात और मध्य प्रदेश में 2021 में कानून बनाया गया। हरियाणा और कर्नाटक में 2022 जबकि राजस्थान में 2025 में कानून बना। इन सभी कानूनों का घोषित मकसद जोर-जबरदस्ती, धोखाधड़ी और लालच देकर योजनाबद्ध तरीके से धर्म-परिवर्तन कराने पर लगाम लगाना है। इन सभी जगहों पर धर्मांतरण से पहले स्थानीय प्रशासन से इजाजत लेना जरूरी है। गैर-कानूनी धर्म-परिवर्तन के मामले में आपराधिक मुकदमों में सबूत देने की जिम्मेदारी आरोपित पर होती है। जानकारों के अनुसार ये कानून देश में हो रहे सुनियोजित तरीके से धर्मांतरण, लव जिहाद, लैंड जिहाद से लोगों को बचाने के लिए जरूरी है। लड़कियों को प्रेमजाल में फँसा कर आए दिन धर्म परिवर्तन कराने की घटनाएँ सामने आ रही हैं। ऐसे मामले जिसमें लड़कियाँ अपनी मर्जी से धर्म परिवर्तन करती हैं और शादी करती है, उन्हें 60 दिन पहले बताने में क्या दिक्कत है।

## अब सरकार ने...

ज्ञान चंद पाटनी

# सोनम वांगचुक की हिरासत और रिहाई से एनएसए पर फिर उठे सवाल



सामाजिक कार्यकर्ता और इंजीनियर सोनम वांगचुक की करीब छह माह लंबी जेल यात्रा का अंत हो गया है। वांगचुक की हिरासत से लेकर रिहाई तक के घटनाक्रम से कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। वांगचुक को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत बन्दी बनाए गए था। अब सरकार ने वांगचुक पर एनएसए हटा दिया और कहा कि यह निर्णय 'रचनात्मक और सार्थक संवाद' को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से लिया गया है। अचानक जोधपुर जेल से सोनम वांगचुक की रिहाई के बावजूद यह साफ है कि देश में शांतिपूर्ण आंदोलनों को दबाने के लिए भी सबसे कठोर कानूनों का सहारा लिया जाता है। उच्चतम न्यायालय में वांगचुक की पत्नी ने बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर करके हिरासत को चुनौती थी। इसकी सुनवाई के दौरान केंद्र ने आरोप लगाया था कि सोनम वांगचुक ₹ सरकार को उखाड़ फेंकने₹ के लिए 'अरब स्प्रिंग' जैसा विद्रोह चाहते थे। यह भी आरोप लगाया गया कि वांगचुक ने युवाओं को नेपाल, बांग्लादेश और श्रीलंका में हिंसक जेन-जेड विरोध प्रदर्शनों के लिए उकसाया। यहां तक कहा गया कि गांधीवादी अहिंसा का जिक्र केवल एक दिखावा था। इसके अलावा, वांगचुक पर कश्मीर में जनमत संग्रह की मांग करने जैसे आरोप भी लगाए गए। लद्दाखी लोगों को युद्ध के समय भारतीय सेना की मदद न करने के लिए उकसाने के आरोप भी लगाए गए। इन सभी आरोपों को सोनम वांगचुक ने गलत बताया था। अब सरकार ने वांगचुक की हिरासत रद्द करके एक तरह से अपने ही आरोपों को गलत साबित कर दिया है। दरअसल, सोनम वांगचुक के अनशन के दौरान 24 सितंबर 2025 को लेह हिंसा हुई थी। दो दिन बाद 26 सितंबर को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत वांगचुक को हिरासत में लिया था। इसके बाद उन्हें फौरन जोधपुर जेल में शिफ्ट कर दिया गया था। वे करीब छह माह से जोधपुर जेल में ही थे। अब उनकी रिहाई हो गई है। एनएसए सरकार को ऐसे लोगों को हिरासत में लेने का अधिकार देता है, जिनसे देश की सुरक्षा या सार्वजनिक व्यवस्था को खतरा हो। इसके तहत किसी व्यक्ति को 12 महीने तक हिरासत में रखा जा सकता है। 24 सितंबर को हुई मौतों का ठीकरा उनके सिर फोड़ा गया। लेकिन छह माह बाद सरकार का निष्कर्ष बदला और कहा गया— 'लद्दाख की समस्याओं का हल संवाद और बातचीत से ही संभव है'। सोनम वांगचुक पर्यावरण संरक्षण के लिए बरसों से काम कर रहे हैं। हिमालयी पारिस्थितिकी को बचाने के लिए उन्होंने एक तरह से अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया है। लद्दाख को राज्य का दर्जा दिलाने और छठी अनुसूची की मांग तेज हुई है। उनका मानना है कि बिना संवैधानिक सुरक्षा के लद्दाखी संस्कृति, भूमि और पर्यावरण खतरे में है।

## जरा हटके

## इसी प्रकार पड़ोसी ...

गजेंद्र सिंह

# सोनिया गांधी के लेख : नैतिकता, कूटनीति और राजनीति



हाल के समय में सोनिया गांधी द्वारा लिखे गए लेख और वक्तव्य सार्वजनिक बहस का विषय बने हुए हैं। एक ओर मार्च 2026 में प्रकाशित उनके लेख में उन्होंने ईरान के सर्वोच्च नेता और शिया धर्मगुरु अयातुल्लाह अली खामेनेई \की हत्या पर भारत सरकार की चुप्पी को लेकर प्रश्न उठाए। वहीं जून 2025 में लिखे गए अपने एक अन्य लेख में उन्होंने गाज़ा में चल रहे संघर्ष के संदर्भ में भारत की प्रतिक्रिया को लेकर आलोचना की थी। इन दोनों लेखों में उनका तर्क यह रहा कि भारत की विदेश नीति को नैतिकता, अंतरराष्ट्रीय कानून और मानवीय मूल्यों के आधार पर स्पष्ट आवाज उठानी चाहिए परंतु इन वक्तव्यों के साथ एक व्यापक प्रश्न भी सामने आता है— क्या यह वास्तव में सिद्धांत आधारित कूटनीति का आग्रह है या फिर ऐसी चयनात्मक नैतिकता जो अंतरराष्ट्रीय राजनीति की जटिलताओं और भारत के राष्ट्रीय हितों को पर्याप्त महत्व नहीं देती? सबसे पहले उस विचार की चर्चा आवश्यक है जिसे अक्सर "नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था " कहा जाता है। अंतरराष्ट्रीय राजनीति का अध्ययन करने वाले अनेक विशेषज्ञ मानते हैं कि ऐसी व्यवस्था वर्षों से कमजोर पड़ चुकी है। विश्व राजनीति आज आदर्शों से अधिक शक्ति संतुलन, रणनीतिक हितों और गठबंधनों पर आधारित है। पश्चिम एशिया के संघर्षों से लेकर पूर्वी यूरोप और इंडो-पैसिफिक तक, अंतरराष्ट्रीय संबंधों में नैतिकता की भाषा अक्सर वास्तविक शक्ति राजनीति से पीछे रह जाती है। ऐसी स्थिति में यदि कोई नेता वैश्विक घटनाओं को केवल नैतिक दृष्टिकोण से प्रस्तुत करता है और भू-राजनीतिक वास्तविकताओं की अनदेखी करता है तो उसका दृष्टिकोण अधूरा प्रतीत हो सकता है। इस आलोचना का दूसरा पहलू चयनात्मक नैतिक आक्रोश है। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर नैतिक भाषा तो प्रबल रूप से सामने आती है लेकिन भारत के अपने ऐतिहासिक अनुभवों पर वही तीव्रता दिखाई नहीं देती। उदाहरण के लिए, 1990 के दशक में कश्मीर घाटी से कश्मीरी पंडितों का पलायन और उनके विरुद्ध हिंसा आधुनिक भारत के सबसे पीड़ादायक अध्यायों में से एक है। हजारों परिवारों को अपने घर छोड़ने पड़े और वे दशकों से विस्थापन का जीवन जी रहे हैं। इसी प्रकार पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के विरुद्ध हिंसा और भेदभाव की घटनाएँ समय-समय पर चर्चा में आती रही हैं। आलोचकों के अनुसार, यदि अंतरराष्ट्रीय नैतिकता की बात की जाती है तो इन विषयों पर भी समान संवेदनशीलता अपेक्षित है। वाद का एक अन्य महत्वपूर्ण पक्ष ईरान की राजनीतिक संरचना से जुड़ा है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई को अक्सर "राष्ट्र प्रमुख" के रूप में संबोधित किया जाता है लेकिन उनकी नियुक्ति प्रक्रिया सामान्य लोकतांत्रिक चुनाव से भिन्न है। ईरान में सर्वोच्च नेता का चयन विशेषज्ञों की सभा नामक इस्लामिक निकाय द्वारा किया जाता है जो मुख्यतः धर्मगुरुओं का समूह है। आलोचकों के अनुसार यह व्यवस्था लोकतांत्रिक जनादेश की बजाय एक इस्लामिक -राजनीतिक ढाँचे पर आधारित है। ईरान की सरकार पर सबसे गंभीर आरोप महिलाओं के अधिकारों और राजनीतिक असहमति के दमन से जुड़े हैं। 2022 में महसा अमीनी की मृत्यु के बाद हुए विरोध प्रदर्शनों ने दुनिया का ध्यान इस विषय की ओर खींचा। इन आंदोलनों के दौरान सुरक्षा बलों, विशेष रूप से इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर पर प्रदर्शनकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के आरोप लगाए गए। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों ने इसे राजनीतिक असहमति के दमन का उदाहरण बताया। पश्चिम एशिया की राजनीति में ईरान की विदेश नीति का एक महत्वपूर्ण पहलू उसके क्षेत्रीय प्रभाव से जुड़ा हुआ है। यह प्रभाव उन संगठनों के माध्यम से भी देखा जाता है जिन्हें विभिन्न स्तरों पर तेहरान का समर्थन मिलने की बात अंतरराष्ट्रीय विश्लेषणों में कही जाती रही है। इनमें प्रमुख रूप से हमास, हिज़्बुल्लाह और हूती जैसे समूह शामिल हैं। पश्चिम एशिया के अलग-अलग संघर्षों और राजनीतिक समीकरणों में इन संगठनों की सक्रिय भूमिका रही है और ईरान के साथ उनके संबंध लंबे समय से वैश्विक कूटनीतिक बहस, क्षेत्रीय सुरक्षा चिंताओं और अंतरराष्ट्रीय विश्लेषण का विषय बने हुए हैं। अंततः यह बहस एक बड़े प्रश्न की ओर ले जाती है— भारत की विदेश नीति का आधार क्या होना चाहिए? अंतरराष्ट्रीय संबंधों में अक्सर नैतिक मूल्यों और राष्ट्रीय हितों के बीच संतुलन बनाना पड़ता है। अधिकांश देश अपने कूटनीतिक निर्णयों में मानवाधिकार, रणनीतिक हित, सुरक्षा और आर्थिक संबंधों जैसे कई कारकों को साथ लेकर चलते हैं। आलोचकों का तर्क है कि यदि नैतिकता की भाषा का उपयोग किया जाए तो उसे सुसंगत और संतुलित होना चाहिए—ऐसा न लगे कि वह केवल राजनीतिक सुविधा के अनुसार सामने आती है। विदेश नीति के प्रश्न केवल आदर्श और नैतिकता के आधार पर नहीं सुलझते; वे इतिहास, रणनीति, शक्ति संतुलन और राष्ट्रीय हितों से भी प्रभावित होते हैं।

# चिकन बिरयानी परोसी, हिंदू संगठन बोले- हड्डियां नदी में फेंकीं, 14 गिरफ्तार

# गंगा में नाव पर इफ्तार पार्टी

**कार्यवाई**

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी। काशी में गंगा नदी के बीच नाव पर इफ्तार पार्टी की गई। सोमवार को हुई इस पार्टी में आयोजकों ने रोजेदारों को फल और मेवे के साथ चिकन बिरयानी भी परोसी। साथ ही इफ्तार पार्टी का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। जल्द ही वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर होने लगा। वीडियो में चिकन बिरयानी की बात सामने आते ही भाजपा और हिंदूवादी संगठन भड़क गए। भारतीय जनता युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष रजत जायसवाल ने कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज कराया। इसके 8 घंटे के भीतर पुलिस ने 14 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। काशी में गंगा नदी पर सोमवार शाम एक युवक ने रोजा इफ्तार का कार्यक्रम रखा। उसने रोजेदारों को गंगा घाट पर बुलाया। यहां एक बड़ी नाव पहले से बुक की गई थी। इसके बाद सभी लोग अस्सी घाट से नमो घाट तक नाव से गए। वहां नाव पर मौजूद रोजेदारों ने पहले नमाज पढ़ी। फिर खजूर और फल खाकर रोजा खोला। एक अन्य वीडियो में नाव पर बैठे लोग बड़े भगोने से कुछ निकालकर खाते दिखे। भाजयुमो महानगर अध्यक्ष रजत जायसवाल ने आरोप लगाया कि इन लोगों ने चिकन बिरयानी खाई। साथ ही उसकी हड्डियां गंगा में फेंक दीं। इस मामले को लेकर कोतवाली में लिखित शिकायत दी। उन्होंने कहा- मां गंगा सनातन धर्म अनुयायियों के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र है। मां गंगा के जल का आचमन करने के लिए देश-विदेश से रोज लाखों श्रद्धालु आते हैं। गंगा की धारा में नाव पर बैठकर इफ्तार के समय चिकन बिरयानी खाना और उसके अवशेष गंगा में फेंकना निंदनीय है। शिकायत के साथ पुलिस को घटना का वीडियो भी साक्ष्य के रूप में दिया है। रजत जायसवाल ने कोतवाली थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई और वीडियो को साक्ष्य के रूप में पुलिस को सौंपा। उन्होंने कहा कि मां गंगा सनातन धर्म के अनुयायियों के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र हैं और यहां इस प्रकार की गतिविधियां निंदनीय हैं। उन्होंने यह भी कहा कि देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु गंगा जल का आचमन करने आते हैं, ऐसे में इस तरह की घटना भावनाओं को आहत करने वाली है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की और महज 8 घंटे के भीतर 14 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वायरल वीडियो और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



यह वीडियो भाजयुमो के महानगर अध्यक्ष ने पुलिस को सौंपा। इसमें नाव पर इफ्तार पार्टी होती दिख रही।

**एसीपी कोतवाली विजय प्रताप सिंह ने कहा- भाजयुमो के रजत जायसवाल की ओर से शिकायत मिली थी। शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया। दो टीमें गठित कर आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिश दी गई। अब तक 14 लोगों को गिरफ्तार करके आगे की कार्रवाई की जा रही है।**

**66 रजत जायसवाल ने कहा कि इससे सनातन अनुयायियों की भावनाओं को टेस पहुंची है। ऐसे काम से मुस्लिम समुदाय के युवाओं में जानबूझकर जिहादी मानसिकता बढ़ रही है। उन्होंने नाव चालक के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की। साथ ही उसका लाइसेंस निरस्त करने की भी मांग की।**



वाराणसी पुलिस ने 8 घंटे में 14 लोगों को गिरफ्तार किया है।

# बाराबंकी में अतिक्रमण पर सख्ती के निर्देश

## नगर निकायों को साप्ताहिक अभियान तेज करने के आदेश



तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी। कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों के साथ नगर विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में नगर निकायों की कार्यप्रगति, अतिक्रमण नियंत्रण, एवं विभिन्न विकास योजनाओं की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रत्येक नगर निकाय में पूर्व की भांति सप्ताह में एक दिन चलने वाले अतिक्रमण विरोधी अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए तथा इसके साथ ही सतत प्रवर्तन सुनिश्चित किया जाए, जिससे कोई भी दुकान सड़क पर न लगने पाए। यद्यपि कभी भी देख सकतें कि छाया चौराहे पर फुटपाथ पर हठ के साथ सब्जीं की दुकान लगा रखी हैं । स्पष्टः अतिक्रमण विरोधी अभियान की बिफलता कारण सम्भव हो रहा हैं । जब प्रशासन के निर्देश कि सार्वजनिक स्थलों, सड़कों एवं नालियों पर अतिक्रमण पाए जाने पर तत्काल विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**फास्ट न्यूज**

### यूपी में अंडे पर एक्सपायरी डेट लिखनी होगी

लखनऊ। यूपी सरकार ने लोगों की सेहत से जुड़ा एक बड़ा फैसला लिया है। 1 अप्रैल, 2026 से प्रदेश में अंडे पर एक्सपायरी डेट लिखना होगा। इस नियम के लागू होने के बाद दुकानदार अब ताजा अंडा कहकर पुराने या खराब अंडे बेच नहीं पाएंगे। पशुपालन विभाग और खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (FSDA) की जांच में सामने आया कि कई जगहों पर पुराने या खराब अंडे 'फ्रेश' बताकर बेचे जा रहे थे।

### कुत्ते को 20 मीटर घसीट कर नहर में फेंका, मौत

कानपुर। कानपुर के नौबस्ता में दो युवकों ने कुत्ते को रस्सी से बांध कर घसीटने के बाद नहर में फेंक कर मार डाला। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसमें करीब 20 मीटर तक दो युवक कुत्ते को घसीटते हुए ले जाते दिख रहे हैं। घटना से जुड़े 2 फुटेज वायरल होने के बाद बेजुबानों के लिए काम करने वाली संस्था उम्मीद एक किरण संस्था के संस्थापक मयंक त्रिपाठी ने आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मयंक त्रिपाठी ने बताया कि 13 मार्च की शाम करीब 5 बजे एक वीडियो वायरल हुआ।

### पीएनजी पाइप फटने से हुआ गैस रिसाव, हड़कंप

कानपुर। बर्रा में जेसीबी से सीवर लाइन की खोदाई के दौरान पीएनजी पाइप लाइन फटने से अफरा-तफरी मच गई। तेजी से गैस रिसाव होने पर आनन-फानन में इलाकाई लोगों ने पुलिस और मेंटीनेंस कर्मियों को सूचना दी। मौके पर पहुंची मेंटीनेंस टीम को लीकेज की मरम्मत करने में करीब 2 घंटे से भी अधिक का समय लगा। बेसमेंट की खोदाई के दौरान जेसीबी की चपेट में आकर गिरे पेड़ और बिजली के खंभों के बीच में फंसकर सैलून कारीगर की मौत हो गई थी।

## बदायूं में 11 दुकानें ढहाईं, 53 खाली कराई गई, 100 पुलिसवाले तैनात रहे

# एचपी अफसरों के हत्यारोपी की मार्केट पर चला बुलडोजर

तमसा संकेत, एजेंसी

बदायूं। बदायूं में हिंदुस्तान पेट्रोलियम (HP) के 2 अफसरों के हत्यारोपी अजय सिंह की मार्केट पर बुलडोजर चला। मंगलवार सुबह 10 बजे SDM धर्मेंद्र सिंह 2 बुलडोजर के साथ मौके पर पहुंचे और कार्रवाई शुरू हुई। पहले से चिह्नित 11 दुकानें और एक हॉल ढहा दिया गया। 53 अन्य खाली कराई गईं, इन पर आगे कार्रवाई होगी। पुलिस और PAC के 100 से ज्यादा जवान तैनात रहे। बैरिकेडिंग कर किसी के आने-जाने पर रोक लगा दी गई थी। प्रशासन का कहना है कि मार्केट सरकारी जमीन पर बनाई गई थी। आरोपी ने फर्जी कागजों के जरिए इसे खुद, अपने ताऊ और रिश्तेदारों के नाम करवा लिया था। ज्यादातर दुकानें



किराए पर उठी थीं। हर महीने 1 लाख से ज्यादा किराया आता था। अजय सिंह ने 12 मार्च को HPCL प्लांट में घुसकर DGM सुधीर गुप्ता (55) और असिस्टेंट मैनेजर हर्षित मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी थी। वारदात के बाद पुलिस ने अजय को दोनों पैर में गोली मारकर पकड़ा था। वहीं, इस मामले में लापरवाही करने पर दातागंज CO केके तिवारी को भी हटा दिया गया था।

**अजय ने पुलिस पूछताछ में बताया था- 12 मार्च को दोपहर 1 बजे मैं एचपीसीएल प्लांट गया था। उस वक्त प्रशासनिक भवन में मीटिंग चल रही थी। मैं वहां पहुंचा, तो 5 लोग बैठे थे। मैंने सभी को बातों में उलझाए रखा कि मुझे नौकरी पर वापस रख लो। इसी बीच मैं असिस्टेंट मैनेजर हर्षित मिश्रा के पीछे पहुंचा और पीठ पर तमंचा सटाकर ट्रिगर दबा दिया।**



### भरी मीटिंग में घुसकर की थी वारदात

आगे पड़ी मेज पर खून का फव्वारा छूटा, जिसे देखकर लोग डर गए और भागने लगे। इसके बाद मैंने DGM सुधीर गुप्ता को दौड़ा लिया। 3 राउंड फायरिंग की, जिनमें से 2 गोलियां सुधीर को लगीं। वह जमीन पर गिर पड़े। पुलिस ने गेट के भीतर लगे CCTV चेक किए तो पता चला कि 1:55 बजे बोलेरो लेकर अजय प्लांट के अंदर गया था। 1:59 बजे बाहर निकला। यानी उसने सिर्फ 4 मिनट में वारदात को अंजाम दिया।

# ईद से पहले सुल्तानपुर में गौकशी की दर्दनाक घटना

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर में सोमवार रात गौ तस्करों द्वारा की गई गौकशी की घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। घटना इतनी निर्मम और सुनियोजित बताई जा रही है कि इससे न सिर्फ ग्रामीणों में आक्रोश है, बल्कि कानून-व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर निवासी राकेश कुमार यादव के घर के सामने टीनशेड के नीचे बंधे तीन गोवंशों को अज्ञात तस्कर रात में खोलकर ले गए। इसके बाद पास के गेहूं के खेत में ले जाकर दो गोवंशों का बेरहमी से वध कर दिया गया। सुबह घटना की जानकारी होते ही पूरे गांव में सनसनी फैल गई। घटनास्थल पर कटे हुए अवशेष मिलने से ग्रामीणों



में भारी आक्रोश फैल गया। देखते ही देखते सैकड़ों की संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए और माहौल तनावपूर्ण हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि जिस तरीके से घटना को अंजाम दिया गया है, उससे साफ प्रतीत होता है कि अपराधियों ने पूरी योजना बनाकर वारदात को अंजाम दिया। घटना की सूचना मिलते ही विभिन्न हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और कड़ी निंदा करते हुए प्रशासन से तत्काल व सख्त कार्रवाई की मांग की। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली और घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रतिनिधिमंडल में जिला मंत्री राहुल कुमार, जिला विशेष संपर्क प्रमुख तुलसीराम चौहान, बजरंग दल के कार्यकर्ता हिमांशु चौरसिया, रंजीत कश्यप, मसौली प्रखंड उपाध्यक्ष रूपचंद चौहान, संतराम रावत समेत कई लोग शामिल रहे। बाद में प्रतिनिधिमंडल ने मसौली थाना प्रभारी निरीक्षक से मिलकर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री राहुल कुमार ने घटना को निंदनीय बताते हुए कहा कि बाराबंकी शहर से कुछ दूरी पर और राष्ट्रीय राजमार्ग से मात्र 500 मीटर दूर इस प्रकार की घटना होना प्रशासन के लिए गंभीर चुनौती है, खासकर ईद से पहले।

# नगर निकायों की आय वृद्धि हेतु प्रभावी प्रयास सुनिश्चित किए जाएं

तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी। कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने व अन्य सहित संबंधित अधिकारियों के साथ नगर विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में नगर निकायों की स्वच्छता व्यवस्था, राजस्व वसूली एवं विभिन्न विकास योजनाओं की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई।

आय वृद्धि के संबंध में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी नगर निकाय अपने-अपने संसाधनों का प्रभावी उपयोग करें। तालाबों को मत्स्य पालन हेतु नियमानुसार नीलाम कर आय बढ़ाई जाए तथा अन्य संभावित स्रोतों को विकसित कर राजस्व सुदृढ़ किया जाए।

तथा नगर निकायों में स्थित सभी तालाबों के संरक्षण पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिए कि किसी भी दशा में तालाबों पर अतिक्रमण न होने पाए। स्वच्छता



व्यवस्था की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सभी नगर निकायों में प्रतिदिन शतप्रतिशत डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी खाली प्लॉट पर कूड़ा एकत्रित न होने पाए।विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी निर्माणाधीन कार्यों को गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाए। जिन नगर निकायों में कल्याण मंडप का निर्माण नहीं हो रहा है, वे तत्काल प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित करें।

# मॉर्निंग वॉक पर निकले भाजपा नेता की हत्या

## गोरखपुर में 4 हमलावरों ने 20-25 चाकू मारे, बचने के लिए खून से लथपथ 100 मीटर तक भागे

तमसा संकेत, एजेंसी

गोरखपुर। गोरखपुर में मॉर्निंग वॉक पर निकले भाजपा नेता की हत्या कर दी गई। 4 बदमाशों ने घर से 500 मीटर दूर उन्हें घेर लिया। सिर, सीने और चेहरे पर 20 से 25 बार चाकू मारे। घायल होने के बाद भी भाजपा नेता करीब 100 मीटर तक भागे, लेकिन हमलावरों ने पीछा कर फिर हमला कर दिया। हमलावर कुछ देर तक वहीं रुके रहे और उनके मरने का इंतजार करते रहे। तसल्ली होने के बाद वहां से भाग गए। घटना चिलुआताल थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह साढ़े 5 बजे हुई। यहां से गोरखनाथ मंदिर की दूरी करीब 5 किमी है। भाजपा नेता राजकुमार चौहान (42) की मौत की सूचना पर पहुंचीं उनकी पत्नी सुशीला रोते-रोते बेहोश हो गईं। राजकुमार की बहन मोहनी ने कहा- जान के बदले जान चाहिए। परिवार कौन चलाएगा? भतीजी को सरकारी नौकरी मिलनी चाहिए। उधर, वारदात के बाद 500 से ज्यादा लोग जुट गए और गोरखपुर-सोनौली रोड जाम कर हंगामा किया। सूचना पर 10 थानों की फोर्स पहुंची और लोगों को लाठी फटकार कर हटाया। पुलिस ने बताया कि 7 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पत्नी की शिकायत पर 10 लोगों के खिलाफ FIR दर्ज की गई है। राजकुमार साल- 2018 से 2023 तक पार्षद प्रतिनिधि रहे। उन्होंने अपने ड्राइवर वीरेंद्र चौहान की पत्नी रिंकी देवी को पार्षद बनवाया था। बाद में रिंकी देवी ने भाजपा को समर्थन दे दिया था। एक साल पहले राजकुमार मारपीट के मामले में जेल भी गए थे। घरवालों के मुताबिक, राजकुमार हर दिन मॉर्निंग वॉक पर जाते थे। मंगलवार को भी सुबह 5 बजे घर से निकले थे। 30 मिनट बाद पता चला कि उनकी हत्या हो गई। वारदात के बाद पत्नी सुशीला देवी रोते हुए मौके पर पहुंचीं। उन्होंने कहा- गांव में दुश्मनी थी।





**66 बताया जा रहा है कि ओबीसी समुदाय से आने वाले राजकुमार 2027 में बस्ती से विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे। वह भाजपा से टिकट मांग कर रहे थे। उन्हें राज्यसभा सांसद राधामोहन अग्रवाल का करीबी माना जाता था। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।**

### प्रत्यक्षदर्शी बोले-हमलावरों ने घेरा, ताबड़तोड़ चाकू मारे

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि 4 हमलावर पैदल पहुंचे और पीछे से राजकुमार को घेर लिया। जब तक वह कुछ समझ पाते, उन पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू लगने के बाद वे खुद को बचाकर भागे, लेकिन हमलावरों ने उन्हें दौड़ाकर पकड़ लिया। 100 मीटर दूर पकड़कर उन पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए। सूचना मिलते ही घरवाले पहुंचे और उन्हें बीआरडी मेडिकल कॉलेज ले गए। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है, हमलावर गाड़ी कुछ दूर पर खड़ी कर पैदल घटनास्थल तक पहुंचे थे।



4 बदमाशों ने भाजपा नेता राजकुमार चौहान को घेर लिया। सिर, सीने और चेहरे पर 20-25 बार चाकू से हमला किया।

### घर से निकलने के 30 मिनट बाद हत्या

राजकुमार चौहान बरगदवा इलाके में रहने वाले जंगी चौहान के इकलौते बेटे थे। उनकी 18 साल पहले शादी हुई थी। उनकी 2 बेटियां- सोनम (17) और प्रियंका (13) हैं, जबकि 12 साल का बेटा युवराज है।

## नोकझोंक : रायबरेली में पुलिस से नोकझोंक, कानपुर में 3 दिन में 5 लाख गैस बुक

# यूपी में गैस किल्लत, सिलेंडर के लिए धक्का-मुक्की

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर, रायबरेली, गोंडा। यूपी में रसोई गैस सिलेंडर के लिए लोग परेशान हैं। आठवें दिन भी गैस एजेंसियों के बाहर लंबी लाइनें लगी हैं। कानपुर में मंगलवार को सिलेंडर के लिए ग्राहकों और गैस एजेंसी कर्मचारियों के बीच धक्का-मुक्की हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाया। रायबरेली में ग्राहकों की पुलिस से नोकझोंक हुई। लोग सुबह 6 बजे से लाइन में लगे थे। एजेंसी सुबह 10 बजे खुली, लेकिन स्टॉक खत्म होने की बात कहकर बंद कर दी गई। इससे नाराज लोग भड़क गए। चंदौली में डीएम कार्यालय पर सपा कार्यकर्ताओं ने खाली रसोई गैस सिलेंडर लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि जिले में गैस की भारी किल्लत है, लेकिन प्रशासन और अधिकारी जनता को गुमराह कर रहे हैं। गोंडा में सुबह दो युवक जबरन एजेंसी में घुस गए। कर्मचारियों ने रोका तो कहासुनी हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवकों को पकड़कर थाने ले गई। कानपुर में सिलेंडर बुकिंग में तीन गुना बढ़ गई है। जिला पूर्ति अधिकारी राकेश कुमार सिंह के ने बताया- पिछले साल 11 से 15 मार्च के बीच 1.76 लाख सिलेंडर बुक हुए थे, जबकि इस साल इसी अवधि में यह संख्या बढ़कर 4.90 लाख पहुंच गई। रमजान में शहर के रूपम चौराहे से लेकर अजमेरी चौराहे तक नॉनवेज की दुकानें देर रात तक खुली रहती हैं। रोजेदार इफ्तार के बाद और सहरी से पहले यहां अलग-अलग पकवान खाने पहुंचते है। गोरखपुर की गंगा गैस एजेंसी के वितरण प्रभारी धनंजय राय ने बताया कि एजेंसी पर गैस वितरण पूरी तरह सुचारू है। किसी तरह की बड़ी समस्या नहीं है। उन्होंने कहा- मांग ज्यादा होने से लोगों को लाइन में लगना पड़ रहा है, जिससे कुछ असुविधा हो रही है। जो उपभोक्ता लाइन में लगने के बावजूद गैस नहीं ले पाते, उन्हें टोकन दिया जाता है। उन्हें अगले दिन बुलाकर प्राथमिकता के आधार पर सबसे पहले गैस दी जाती है।







### कानपुर में गैस बुकिंग के लिए धक्का-मुक्की

कानपुर में गैस किल्लत के चलते लोग सुबह 4 बजे से ही लाइन में लगे हैं। भगवतदास इंडेन गैस एजेंसी पर ग्राहकों और कर्मचारियों के बीच धक्का-मुक्की हो गई। इसके बाद लोगों का गुस्सा और बढ़ गया। प्रशासन का कहना है कि लोग गैस बुकिंग को लेकर पैनिक कर रहे हैं। लोगों का आरोप है कि गैस की कालाबाजारी हो रही है। साथ ही 200 से 500 रुपए तक की अवैध वसूली की जा रही है। एक व्यक्ति ने बताया कि कल 500 रुपए का बच्चों के लिए खाना लाए थे, लेकिन उनका पेट तक नहीं भर पा रहे हैं।



### कानपुर में रमजान की स्पेशल डिश निहारी कुल्चे के दाम 50 रुपए बढ़े

कानपुर में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कमी का असर अब बाजार पर दिखने लगा है। रमजान के महीने में निहारी-कुल्चा बेचने वालों ने प्रति प्लेट 50 रुपए दाम बढ़ाने का फैसला किया है।

# पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ व भव्य दीपयज्ञ सम्पन्न

## सैकड़ों साधकों ने लिया नवरात्र साधना का संकल्प

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। विकासखंड सूरतगंज क्षेत्र के ग्राम ऐनुद्दीनपुर में साधनात्मक पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं भव्य दीपयज्ञ का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ। इस पावन अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु एवं साधक उपस्थित रहे, जिन्होंने नवरात्र अनुष्ठान साधना के लिए संकल्प लेकर आध्यात्मिक वातावरण को और भी ऊर्जावान बना दिया। कार्यक्रम के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार एवं यज्ञ की पवित्र आहुतियों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। दीपयज्ञ के समय सैकड़ों दीपों की रोशनी ने पूरे परिसर को आलोकित कर दिया, जिससे उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। इस अवसर पर प्रज्ञा मण्डल एवं महिला मण्डल का गठन भी किया गया, जिसका उद्देश्य समाज में नैतिक मूल्यों, संस्कारों एवं आध्यात्मिक चेतना का प्रसार करना है। कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक गायत्री परिवार आदरणीय श्री रमेश चंद्र मौर्य ने नवरात्र साधना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह साधना आत्मशुद्धि, मानसिक संतुलन एवं सकारात्मक ऊर्जा के विकास का माध्यम है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से नियमित साधना और संस्कारवान जीवन अपनाने का आह्वान किया। आयोजन में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शेखर हयारण एवं समाजसेवी अभिषेक वर्मा 'अंशू' सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।



## पड़ोसी पर रेप के बाद वारदात का शक, भीड़ ने घर फूंकने की कोशिश की

# कानपुर में बच्ची की हत्या न्यूड लाश खेत में दफनाई

**हंगामा**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

कानपुर । कानपुर में 11 साल की बच्ची की हत्या कर दी गई। मंगलवार सुबह उसका शव एक खेत में गड़ा हुआ मिला। शव पर कपड़े का एक टुकड़ा भी नहीं था। चोट के गहरे निशान थे। आशंका जताई जा रही है कि रेप के बाद बच्ची का मर्डर किया गया।

परिवार वालों ने पड़ोसी पर वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। उसका घर फूंकने की कोशिश की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मोर्चा संभाला। भीड़ को तितर-बितर किया। गुस्साए लोगों को शांत कराया। आरोपी के घर को घेरकर जांच शुरू की।



पड़ताल के दौरान पुलिस को आरोपी पड़ोसी के घर से मिट्टी से सने कपड़े टंगे मिले। फोरेंसिक टीम ने इसे कब्जे में ले लिया है। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक, बच्ची के पिता मजदूरी कर परिवार चलाते हैं। बच्ची 5 बहनों में तीसरे नंबर पर थी। उसके घर से आरोपी के घर की दूरी सिर्फ 200 मीटर है। घटना बिधनू थाना क्षेत्र के एक गांव की है।

**युवक ने बताया कि मंगलवार सुबह 8 बजे घर से 500 मीटर दूर एक खेत में गए तो एक जगह खोदी हुई मिट्टी दिखी। मिट्टी में नमी देखकर शक हुआ कि इसे कुछ देर पहले ही खोदा गया है। सभी ने उस जगह गड्ढा खोदना शुरू किया। फिर बच्ची की लाश देखी।**

जब बिधनू पुलिस बच्ची का शव पोस्टमॉर्टम के लिए ले जाने लगी तो गांव वाले भड़क गए। आरोपी को तत्काल सजा दिलाने की मांग करने लगे। पुलिस और ग्रामीणों के बीच धक्का-मुक्की हो गई। इस दौरान पुलिसकर्मी मासूम का शव लेकर भागते नजर आए।

### सोमवार शाम को लापता हुई बच्ची, रातभर तलाशते रहे परिजन

बिधनू थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले युवक ने बताया कि उनकी 11 साल की बेटी थी। 5वीं में पढ़ती थी। बच्ची बड़ी बहन के साथ सोमवार दोपहर 3 बजे बकरियां चराने के लिए गई थी। बड़ी बहन बकरी का बच्चा छोड़ने घर आ गई थी। लगभग दो घंटे बाद जब वह खेत पर पहुंची तो उसकी बहन लापता थी। उसने आवाज लगाई, जब वह नहीं मिली तो घर आकर हमें बताया। हमने परिवार और आसपास के लोगों के साथ गांव में खोजबीन की, जब कुछ पता नहीं चला तो शाम 7 बजे बिधनू थाने पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। बिधनू थाना प्रभारी तेज बहादुर सिंह ने ग्रामीणों के साथ गांव और आसपास खेतों में बच्ची की खोजबीन शुरू की। देर रात तक बच्ची नहीं मिली। रात लगभग 2 बजे पुलिस लौट गई।



पोस्टमॉर्टम के लिए शव ले जाने को लेकर पुलिस को काफी जद्दोजहद करनी पड़ी।

### लाश न्यूड थी, प्राइवेट पार्ट पर खून था

युवक ने बताया कि गड्ढे में बच्ची की न्यूड लाश थी। प्राइवेट पार्ट में खून था। शरीर पर हैवानियत के कई निशान थे। परिवार और गांव के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। बिधनू थाने की पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। लाश की हालत देखकर पुलिस ने मौके से लोगों को हटाया। चादर से मौके की घेराबंदी की। फिर लाश को बाहर निकाला। कपड़े में लपेटकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। बच्ची के परिजनों ने पड़ोस में रहने वाले एक युवक पर दुष्कर्म के बाद हत्या कर शव को दफनाने का आरोप लगाया। पुलिस ने संदेह के आधार पर पड़ोसी युवक को हिरासत में ले लिया है।

## संत प्रेमानंद महाराज से मिलने आ रहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अयोध्या में श्रीरामयंत्र करेंगी स्थापित

**तमसा संकेत, एजेंसी**

मथुरा । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू वृंदावन में संत प्रेमानंदजी महाराज से मिलने आ रही हैं। वह 19 से 21 मार्च तक तीन दिन यूपी में रहेंगी।

राष्ट्रपति मुर्मू अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगी। श्रीरामयंत्र स्थापित करेंगी। मथुरा- वृंदावन में इस्कॉन और प्रेम मंदिर सहित कई प्रमुख धार्मिक स्थलों पर जाएंगी। राष्ट्रपति का दौरा इसलिए भी खास है, क्योंकि 19 मार्च को हिंदू नववर्ष और चैत्र नवरात्रि शुरू हो रहा है, उसी दिन द्रौपदी मुर्मू रामनगरी पहुंचेंगी। इस मौके पर वे राम मंदिर परिसर में आयोजित विशेष धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होकर श्री राम यंत्र का विधि-विधान से पूजन करेंगी।

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में स्थापित किए जाने वाले दिव्य श्रीराम यंत्र को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इस यंत्र की स्थापना मंदिर के दूसरे



तल पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों कराई जाएगी। प्राण-प्रतिष्ठित इस यंत्र का पूजन रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ ही नियमित रूप से राम मंदिर में किया जा रहा है। अब इसे औपचारिक रूप से मंदिर के दूसरे तल पर स्थापित किया जाएगा।

करीब 150 किलोग्राम वजन वाले इस श्रीराम यंत्र पर सोने की परत चढ़ाई गई है। इसे कांचीपुरम मठ के मुख्यालय में स्थापित प्राचीन यंत्र के आधार पर तैयार किया गया है।

यंत्र पर भगवान श्रीराम समेत अन्य देवी-देवताओं के विभिन्न वैदिक मंत्र अंकित हैं, जिन्हें अत्यंत शुभ और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है।

# सामूहिक दुष्कर्म के दो आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

### मुठभेड़ में एक आरोपी के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया

**तमसा संकेत, संवाददाता**

मथुरा। जनपद के थाना मांट क्षेत्र में सामूहिक दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में एक आरोपी के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के अनुसार 14 मार्च 2026 को यमुना नदी के पेंटून पुल के पास कच्चे रास्ते पर एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था। घटना के बाद थाना मांट में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी।

16 मार्च की रात पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि वांछित आरोपी अरुंआ खादर राधारानी



अंडरपास से डागोली की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर किसी वारदात की फिराक में मौजूद हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने इलाके की घेराबंदी कर दी।

पुलिस को देखते ही आरोपियों ने भागने का प्रयास किया और फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस द्वारा चलाई गई गोली से एक आरोपी राजकुमार (24) पुत्र नंद किशोर निवासी ग्राम वेगमपुर, थाना मांट के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने घायल राजकुमार और उसके साथी दुर्गेश (20) पुत्र रूप किशोर निवासी ग्राम वेगमपुर को मौके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस और दो खोखा कारतूस बरामद किए हैं। घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है, जबकि दूसरे आरोपी से पूछताछ जारी है। क्षेत्राधिकारी मांट संदीप सिंह ने बताया कि दोनों आरोपी इस गंभीर मामले में वांछित थे और गिरफ्तारी से बचने के लिए प्रयास कर रहे थे। फिलहाल दोनों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# ब्रज फैशन बवीक- 4 धूमधाम से सम्पन्न



**तमसा संकेत, संवाददाता**

मथुरा। जनपद में आयोजित ब्रजफैशन वीक- 4 का भव्य आयोजन उत्साह और आकर्षण के साथ सम्पन्न हुआ। इस फैशन शो में शहर के युवा, मॉडल्स, डिजाइनर्स और कई चर्चित हस्तियों ने प्रतिभाग कर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का आयोजन द शिव प्रोडक्शन के संस्थापक एसपी शिव द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा की प्रसिद्ध कलाकार अंजली राघव ने शिरकत कर शो की रौनक बढ़ाई।

इस दौरान रैम्प वॉक और आकर्षक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतिभागियों ने अपने हुनर का शानदार प्रदर्शन करते हुए खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम में AIN न्यूज मीडिया पार्टनर के रूप में शामिल रहा, जिसने इवेंट को व्यापक कवरेज प्रदान की। इस अवसर पर AIN न्यूज के संपादक राहुल चौधरी को ट्रॉफी देकर सम्मानित भी किया गया।

# सिलेंडर के लिए धक्का मुक्की पुलिस से नोकझोंक

**तमसा संकेत, एजेंसी**

कानपुर, रायबरेली, गोंडा। यूपी में रसोई गैस सिलेंडर के लिए लोग परेशान हैं। आठवें दिन भी गैस एजेंसियों के बाहर लंबी लाइनें लगी हैं। कानपुर में मंगलवार को सिलेंडर के लिए ग्राहकों और गैस एजेंसी कर्मचारियों के बीच धक्का-मुक्की हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाया। रायबरेली में ग्राहकों की पुलिस से नोकझोंक हुई। लोग सुबह 6 बजे से लाइन में लगे थे। एजेंसी सुबह 10 बजे खुली, लेकिन स्टॉक खत्म होने की बात कहकर बंद कर दी गई। इससे नाराज लोग भड़क गए।

चंदौली में डीएम कार्यालय पर सपा कार्यकर्ताओं ने खाली रसोई गैस सिलेंडर लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि जिले में गैस की भारी किल्लत है, लेकिन प्रशासन और अधिकारी जनता को गुमराह कर रहे हैं। गोंडा में सुबह दो युवक जबरन

### कानपुर में 3 दिन में 5 लाख गैस बुक



एजेंसी में घुस गए। कर्मचारियों ने रोका तो कहासुनी हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवकों को पकड़कर थाने ले गई। कानपुर में सिलेंडर बुकिंग में तीन गुना बढ़ गई है। जिला पूर्ति अधिकारी राकेश कुमार सिंह के ने बताया- पिछले साल 11 से 15 मार्च के बीच 1.76 लाख सिलेंडर बुक हुए थे, जबकि इस साल इसी अवधि में यह संख्या बढ़कर 4.90 लाख पहुंच गई।

### कानपुर में गैस बुकिंग के लिए धक्का-मुक्की

कानपुर में गैस किल्लत के चलते लोग सुबह 4 बजे से ही लाइन में लगे हैं। भगवतदास इंडेन गैस एजेंसी पर ग्राहकों और कर्मचारियों के बीच धक्का-मुक्की हो गई। इसके बाद लोगों का गुस्सा और बढ़ गया। प्रशासन का कहना है कि लोग गैस बुकिंग को लेकर पैनिक कर रहे हैं।

लोगों का आरोप है कि गैस की कालाबाजारी हो रही है। साथ ही 200 से 500 रुपए तक की अवैध वसूली की जा रही है। एक व्यक्ति ने बताया कि कल 500 रुपए का बच्चों के लिए खाना लाए थे, लेकिन उनका पेट तक नहीं भर पा रहे हैं।

मुस्लिम महिलाओं का कहना है कि हम ईद कैसे मनाएंगे?

### गर्ल्स हॉस्टल की 210 छात्राओं के लिए 4 टॉयलेट

प्रयागराज । इलाहाबाद विश्वविद्यालय के गर्ल्स हॉस्टल में इन दिनों छात्राओं को बाथरूम और टॉयलेट तक की दिक्कत हो रही है। 210 छात्राओं के बीच महज 4 टॉयलेट काम कर रहा है। ऐसे में छात्राओं को लाइन लगाने की नौबत आ जाती हैं। इससे छात्राओं का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। 12 पुराने टॉयलेट बंद कर दिए गए। इससे परेशानी और बढ़ गई है। इतना ही नहीं हॉस्टल की पानी की टंकी कई साल से साफ नही हुई। गंदगी से भरी टंकी से ही पानी की सप्लाई आ रही है। ऐसे में छात्राएं गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। सरोजिनी नायडू छात्रावास में रहने वाली लगभग 210 छात्राओं को लंबे समय से सफाई, पानी, सुरक्षा और मेस जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। छात्राओं ने कई मौखिक व लिखित शिकायतें अधीक्षिका व कार्यालय को दीं। लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ। छात्रावास में बाथरूम, वॉश बेसिन व अन्य स्थानों पर नियमित सफाई नहीं होती, जिससे गंदगी फैली रहती है।

# लोजपा ने किया मुजफ्फरनगर में बड़ा राजनीतिक 'खेला'

### भाजपा पदाधिकारी ने थामा दामन

**तमसा संकेत, संवाददाता**

मुजफ्फरनगर। जनपद में राजनीतिक हलचल तेज होती नजर आ रही है। इसी कड़ी में सोमवार को लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने बड़ा दांव खेलते हुए भारतीय जनता पार्टी के सरवट मंडल उपाध्यक्ष सीमित सेन और सुबलेश पाल को पार्टी की सदस्यता दिलाकर सियासी तापमान बढ़ा दिया।

बताया गया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रधान महासचिव राजीव गोयल के नेतृत्व में यह सदस्यता अभियान चलाया गया। सीमित सेन और सुबलेश पाल के साथ सुदेश भारती, संगीता बालियान, प्रिंस कुमार, राजा, मन्नू, मनीष कुमार, अनुज, मिंटू कुमार, दीपक जोगी और राहुल सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने भी लोजपा (रामविलास) की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। यह कार्यक्रम शहर स्थित पार्टी



के कैम्प कार्यालय एवं सहारनपुर मंडल अध्यक्ष डॉ. धर्मेन्द्र सिंह के आवास पर आयोजित किया गया। इस दौरान पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे, जिनमें सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अमित शर्मा, उपाध्यक्ष मेहराब खान, मंडल अध्यक्ष डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष परवीन शर्मा, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष चहल, महिला प्रकोष्ठ की नगर अध्यक्ष खुशबू और जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार प्रमुख रूप से शामिल रहे। इस राजनीतिक फेरबदल को आगामी चुनावी समीकरणों के लिहाज से अहम माना जा रहा है, जिससे मुजफ्फरनगर की सियासत में नई हलचल पैदा हो गई है।


### कुलपति डा. एनसी प्रजापति ने कहा कि डॉक्टर के लिए उसका मरीज ही भगवान होता है

# ओरिएंटेशन प्रोग्राम 'परिचय 2026' का हुआ आयोजन

**तमसा संकेत, संवाददाता**

मथुरा। केएम विश्वविद्यालय में पीजी रेजिडेंट्स बैच 2025 के विद्यार्थियों के लिए भव्य ओरिएंटेशन कार्यक्रम 'परिचय-2026' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों को चिकित्सा शिक्षा की रूपरेखा, शैक्षणिक गतिविधियों और भविष्य की संभावनाओं से परिचित कराना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी, कुलपति डा. एनसी प्रजापति, फॉरेन्सिक मेडिसिन विभाग के डा. शरद अग्रवाल, मेडिकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे, स्किन बीडी विभाग के एचओडी डा. रामावतार बम्ब और मनोरोग विभाग के एचओडी डा. नामित गौतम ने मां सरस्वती के समक्ष दीप



प्रज्वलित कर किया।

कुलाधिपति किशन चौधरी ने कार्यक्रम के दौरान पीजी विद्यार्थियों से परिचय प्राप्त करते हुए उन्हें प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि चिकित्सक का पेशा बेहद जिम्मेदारी और सेवा भाव से जुड़ा हुआ है। समाज डॉक्टर को भगवान के समान मानता है, इसलिए यह सुनिश्चित करना हर डॉक्टर की जिम्मेदारी है कि उसके पास आने वाला मरीज स्वस्थ होकर अपने घर लौटे। उन्होंने आशा जताई कि छात्र अच्छे डॉक्टर बनने के साथ-साथ अच्छे इंसान भी बनकर निकलें। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. नामित गौतम ने की, जबकि मंच संचालन डा. खुशबू राठी ने किया। ओरिएंटेशन कार्यक्रम में मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा. अभय सूद, मेडिसिन विभाग के एचओडी डा. आरके गुप्ता, स्त्रीरोग विभाग के एचओडी डा. धन सिंह, सर्जरी विभाग के एचओडी डा. अजय अग्रवाल, शिशु रोग विभाग के एचओडी डा. मनोज कुमार, अस्पताल की जनरल मैनेजर स्वाती शर्मा, विश्वविद्यालय के डिप्टी रजिस्ट्रार सुनील अग्रवाल सहित लगभग 75 पीजी रेजिडेंट्स चिकित्सक उपस्थित रहे।

- कुलपति डा. एनसी प्रजापति ने कहा कि डॉक्टर के लिए उसका मरीज ही भगवान होता है। तन, मन और समर्पण की भावना के साथ सेवा करना ही एक सच्चे चिकित्सक की पहचान है।
- इस अवसर पर मेडिकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे और फॉरेन्सिक मेडिसिन विभाग के डा. शरद अग्रवाल ने नवागत पीजी छात्रों को अनुशासन और चिकित्सा शिक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### बंगाल में फिर भिड़ेंगे...

हालांकि, वह 1991 से 2016 तक अलग-अलग कार्यकाल (लगातार नहीं) में मुख्यमंत्री पद पर रहीं।

कांग्रेस ने केरल विधानसभा चुनाव के लिए 55 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। प्रदेश अध्यक्ष सनी जोसेफ को पेरावूर सीट से, वीडी सतीसन को परावूर से, चांडी ओम्मन को पुथुपल्ली सीट से मैदान में उतारा गया है। राज्य में विधानसभा चुनाव 9 अप्रैल को होंगे और नतीजे 4 मई को घोषित किए जाएंगे।

कांग्रेस ने आगामी केरलम विधानसभा चुनाव के लिए 55 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। राज्य पार्टी अध्यक्ष सनी जोसेफ को पेरावूर सीट से, वीडी सतीसन को परवूर से, चांडी ओम्मन को पुथुपल्ली से, रमेश चेन्निथला को हरिपद से, राम्या हरिदास को चिरयिनकीझु से और के मुरलीधरन को वट्टियूरकावु सीट से मैदान में उतारा गया है।

आयकर विभाग ने असम में आगामी विधानसभा चुनावों 2026 में काले धन के उपयोग की निगरानी और उस पर अंकुश लगाने के लिए 24x7 कंट्रोल रूम बनाया है।

यह पहल आयकर निदेशालय (जांच), उत्तर पूर्वी क्षेत्र, गुवाहाटी द्वारा 9 अप्रैल, 2026 को होने वाले स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों को सुनिश्चित करने में भारत निर्वाचन आयोग की मदद के प्रयासों के तहत की गई है।

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले एक और फेरबदल करते हुए, चुनाव आयोग ने मंगलवार को दो एडीजी सहित 19 वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के तबादलों का आदेश दिया।

### केरल में आईयूएमएल ...

थंगल ने कहा कि चेलाक्कारा और पुनालुर या चदयामंगलम - इन दो और सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा अगले कुछ दिनों में की जाएगी। उन्होंने कहा कि अभी यह तय होना बाकी है कि आईयूएमएल पुनालुर या चदयामंगलम से चुनाव लड़ेगी या नहीं। 25 उम्मीदवारों की सूची में मलप्पुरम से मौजूदा विधायक पी.के. कुन्हालीकुट्टी, मंजेश्वर से ए.के.एम. अशरफ, मन्नारक्कड़ से एन. शमसुद्दीन, पेरिनथलमन्ना से नजीब कंथापुरम और मनकाडा से मंजलमकुझी अली शामिल हैं। नए उम्मीदवारों में तनूर से पी.के. नवाज, कुथुपरम्बा से जयंती राजन, वेंगाड़ा से के.एम. शाजी और पेरामब्रा से फातिमा थाहिलिया शामिल हैं।

### चुनाव आयोग ने ...

अगर चुनाव लड़ना है तो गैस संकट पैदा मत कीजिए; सही तरीके से मैदान में उतरिए। चुनाव आयोग ने शानदार खेल दिखाया। भाजपा के पास कोई मौका नहीं है। इस बार आपकी सीटें पिछली बार के मुकाबले कम होंगी। यह पश्चिम बंगाल के अस्तित्व की लड़ाई है। बंगाल जीतेगा। 'दिल्ली का लड्डू' नहीं जीतेगा।

### तमिलनाडु विधानसभा ...

घोषणापत्र जारी करते हुए एमडीएमके के संस्थापक वाइको ने कहा कि एक समर्पित समिति ने तीन महीने तक पूरे राज्य का दौरा किया, लोगों से प्राप्त सुझावों और प्रतिक्रियाओं को शामिल किया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वादे जमीनी हकीकत को दर्शाते हैं। डीएमके के नेतृत्व वाले गठबंधन के हिस्से के रूप में, एमडीएमके को चुनाव लड़ने के लिए चार सीटें आवंटित की गई हैं। तीन सीटों पर डीएमके के 'उगते सूरज' चिन्ह पर चुनाव लड़ा जाएगा, जबकि चौथी सीट पर एमडीएमके का अपना चिन्ह होगा।

### इजराइली हमले में ...

इस बीच इजराइल ने दावा किया है कि उसने ईरान के सिक्योरिटी चीफ अली लारीजानी को मार गिराया है। हालांकि इस दावे की ईरान की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

भारत का नंदा देवी जहाज होर्मुज स्ट्रेट को पार करके आज रात 2:30 बजे गुजरात के वडिनार पोर्ट पहुंचा। इस जहाज में करीब 46,500 मीट्रिक टन लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (LPG) लाई गई है।

### पाकिस्तान की ...

तालिबान ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे मानवता के खिलाफ अपराध बताया है और कहा कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के एयरस्पेस का उल्लंघन किया है।

वहीं पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के प्रवक्ता मोशर्रफ जैदी ने इन आरोपों को बेबुनियाद बताया और कहा कि काबुल में किसी अस्पताल को निशाना नहीं बनाया गया।

अफगानिस्तान के क्रिकेटर राशिद खान ने पाकिस्तानी हमलों की कड़ी निंदा की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा काबुल में हाल ही में हुए हवाई हमलों से लोग दुखी हैं। इन हमलों में कई आम लोगों की जान चली गई। कुछ हमले घरों, स्कूलों और अस्पतालों के आसपास भी हुए। आम लोगों के इलाकों पर हमला करना अंतरराष्ट्रीय कानून के हिसाब से युद्ध अपराध माना जाता है, चाहे वह जानबूझकर किया गया हो या गलती से। खासकर रमजान के पवित्र महीने के दौरान ऐसी घटना से लोगों में और ज्यादा दुख और गुस्सा है।

### हमले से 2000 ...

करीब 30 से ज्यादा शव स्ट्रेचर पर बाहर निकाले जा रहे थे। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि वहां बहुत ज्यादा मरीज थे, इसलिए मृतकों और घायलों की संख्या बहुत ज्यादा हो सकती है।

### एलपीजी गैस की ...

साथ ही गैस सिलेंडर अधिक कीमत पर बेचकर अवैध लाभ कमाया गया।

इब्राहिमपुर थाने में मामले में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने कहा कि दोषियों के खिलाफ कानून के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने बताया कि मामले की गहन जांच चल रही है। दोषियों के खिलाफ सभी कानूनी प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा, CSC संचालित करने वाले अन्य केंद्रों की भी समीक्षा की जा रही है ताकि भविष्य में इस प्रकार की धोखाधड़ी रोकी जा सके।

### गैस कनेक्शन बंद ...

सुप्रीम कोर्ट के 2018 के फैसले के मुताबिक, सरकार सिर्फ उन्हीं सेवाओं या फायदों के लिए आधार अनिवार्य कर सकती है, जहां पैसा सीधे सब्सिडी के रूप में दिया जा रहा हो। गैस कनेक्शन अपने आप में कोई सब्सिडी नहीं है। कोई भी बाजार भाव पर कनेक्शन ले सकता है और करोड़ों लोग बिना किसी सरकारी मदद के पूरी कीमत चुकाकर गैस खरीदते हैं। ऐसे लोगों के लिए आधार बायोमेट्रिक अनिवार्य करने का कोई कानूनी आधार नहीं है।

### यूपी में कानून ...

अखिलेश यादव ने कहा कि जनता भाजपा के दावों और वादों को समझ चुकी है। उन्होंने विश्वास जताया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा को सत्ता से हटाकर समाजवादी पार्टी के नेतृत्व में प्रदेश को अपराध और भ्रष्टाचार मुक्त बनाएगी। यह बयान समाजवादी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी द्वारा जारी किया गया है, जिसमें सरकार की कार्यशैली और कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं।

### लोकसभा से आठ ...

उन्होंने कहा कि खासकर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे इसका ख्याल रखें। इसके बाद सदन में सत्ता पक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान स्पीकर ओम बिरला ने सदस्यों से कहा,'प्लेकार्ट और एआई से बनाई गई तस्वीरें प्रदर्शित न करें।' राज्यसभा में एप्रोप्रिएशन बिल 2026 पर चर्चा के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार ने आर्थिक स्थिरता फंड के लिए 57,381.84 करोड़ रुपए दिए हैं।

रक्षा सेवाओं के लिए करीब 41,430 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसमें स्पेक्ट्रम चार्ज का भुगतान और पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ECHS) के लिए 6,140 करोड़ रुपए शामिल हैं, जिससे पूर्व सैनिकों की स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा किया जाएगा।

### कमिंस बैक इंजरी के कारण शुरुआती मैचों से बाहर, झारखंड को पहली बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी दिलाई

# ईशान किशन कर सकते हैं एसआरएच की कप्तानी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सनराइजर्स हैदराबाद के नियमित कप्तान पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन IPL 2026 की शुरुआत में टीम की कप्तानी कर सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक कमिंस अभी बैक इंजरी से उबर रहे हैं और यह साफ नहीं है कि वे कब टीम से जुड़ेंगे। कमिंस को यह चोट 2025-26 एशेज सीरीज से पहले लगी थी। शुरुआत में माना जा रहा था कि वे पूरी सीरीज मिस करेंगे,लेकिन उन्होंने एक टेस्ट खेला और फिर दोबारा टीम से बाहर हो गए। हालांकि, ईशान को शुरुआती मैचों की कप्तानी सौंपे जाने को लेकर फ्रेंचाइजी की ओर से अभी कुछ नहीं



कहा गया है। टी-20 वर्ल्ड कप में ईशान ने नंबर-3 पर बल्लेबाजी करते हुए दिखाया है कि वे वहां काफी सहज हैं। ईशान किशन ने अपनी कप्तानी में झारखंड को पहली बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का खिताब दिलाया है। कप्तानी के साथ-साथ ईशान बल्ले से भी बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने उस टूर्नामेंट में 197.33 की स्ट्राइक रेट से सबसे ज्यादा 517 रन बनाए थे। इसी अनुभव के दम पर वे कप्तानी की रेस में अभिषेक शर्मा से आगे हैं।

**पैट कमिंस के बिना हैदराबाद की बॉलिंग यूनिट थोड़ी कमजोर नजर आ रही है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि ईशान के लिए सबसे बड़ी चुनौती गेंदबाजों का सही इस्तेमाल करना होगी। हालांकि टीम के पास कुछ अच्छे विकल्प हैं, लेकिन कमिंस जैसा लीडर मैदान पर न होना टीम के लिए एक कमी साबित हो सकता है।**



## ईशान किशन के पक्ष में गया कप्तानी का अनुभव

ईशान किशन ने अपनी कप्तानी में झारखंड को पहली बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का खिताब दिलाया है। कप्तानी के साथ-साथ ईशान बल्ले से भी बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने उस टूर्नामेंट में 197.33 की स्ट्राइक रेट से सबसे ज्यादा 517 रन बनाए थे। इसी अनुभव के दम पर वे कप्तानी की रेस में अभिषेक शर्मा से आगे हैं। हालांकि,पिछले IPL सीजन में ईशान का प्रदर्शन उतार-चढ़ाव भरा रहा था। उन्होंने टीम के लिए पहले मैच में शतक लगाया था और सीजन के आखिर में नाबाद 94 रन की पारी भी खेली थी,लेकिन बीच में वे लगातार रन नहीं बना पाए थे।

## वर्ल्ड कप और न्यूजीलैंड सीरीज में मचाया धमाल

पिछले IPL सीजन में ईशान थोड़े इनकंसिस्टेंट थे, लेकिन पिछले एक महीने में उन्होंने अपनी फॉर्म से सभी आलोचकों को जवाब दिया है। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शानदार खेल के बाद उनकी टीम इंडिया के टी-20 स्क्वॉड में वापसी हुई। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज और 2026 टी-20 वर्ल्ड कप में कुल 532 रन बनाए। जहां उनका स्ट्राइक रेट 207 का रहा।

## नहीं बदलेगी अभिषेक-ट्रैविस हेड की ओपनिंग जोड़ी

ईशान किशन की कप्तानी मिलने के बाद टीम के बैटिंग ऑर्डर को लेकर भी चर्चाएं तेज हैं। ऐसे में SRH को अपनी हिट ओपनिंग जोड़ी अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड के साथ छेड़छाड़ करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। ईशान तीसरे नंबर पर आकर मिडिल ऑर्डर को मजबूती दे सकते हैं।

# पाकिस्तानी खिलाड़ी खरीदना भारतीयों की जान से खिलवाड़ : गावस्कर

### इस पैसे से हथियार खरीदे जाते हैं, सनराइजर्स ने ब्रिटिश लीग में अबरार को खरीदा

**नई दिल्ली, एजेंसी**




इंग्लैंड की लीग द हंड्रेड में सनराइजर्स लीड्स के पाकिस्तानी स्पिनर अबरार अहमद को खरीदने पर विवाद खड़ा हो गया है। पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। गावस्कर ने कहा कि भारतीय मालिकों का पाकिस्तानी खिलाड़ियों को खरीदना भारतीयों की जान से खिलवाड़ जैसा है। ऐसे फैसलों से बचना चाहिए। इन पैसों से भारत के खिलाफ लड़ने के लिए हथियार खरीदे जाते हैं। सनराइजर्स लीड्स ने 13 मार्च को लंदन में हुए ऑक्शन में अबरार को 2.34 करोड़ में खरीदा था। ऑक्शन में सनराइजर्स की CEO काव्या मारन भी मौजूद थीं। IPL टीम सनराइजर्स हैदराबाद और साउथ अफ्रीका लीग (SA20) की सनराइजर्स ईस्टर्न केप की ओनरशिप उनके पास ही है। SRH के अबरार को खरीदने के फैसले के बाद सोशल मीडिया यूजर्स ने काफी विरोध भी किया था। SRH का ऑफिशियल X अकाउंट भी टेम्परेरी तौर पर बैन कर दिया गया था। गावस्कर ने कहा कि सनराइजर्स लीड्स के कोच डेनियल विटोरी न्यूजीलैंड के हैं। इसलिए हो सकता है कि वे इस स्थिति को पूरी तरह न समझ पाए हों और उन्होंने टीम में पाकिस्तानी खिलाड़ी को लेने की सलाह दी हो। लेकिन टीम के मालिक को हालात की पूरी समझ होनी चाहिए थी और उन्हें यह खरीद रोक देनी चाहिए थी। पाकिस्तान के खिलाड़ी IPL में नहीं खेलते। उन्होंने केवल 2008 के पहले सीजन में हिस्सा लिया था। इसके बाद नवंबर 2008 में हुए मुंबई आतंकी हमले के बाद IPL में पाकिस्तानी खिलाड़ियों पर रोक लगा दी गई।

# केकेआर के हर्षित राणा आईपीएल 2026 से बाहर

### पथिराना भी चोटिल, टीम दोनों का रिप्लेसमेंट नहीं लेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) के तेज गेंदबाज हर्षित राणा IPL 2026 से बाहर हो गए हैं। वे एक दिन पहले 15 मार्च को दिल्ली में BCCI के नमन अवॉर्ड में छड़ी के सहारे चलते नजर आए थे। क्रिकेट वेबसाइट क्रिकबज ने लिखा कि हर्षित इस सीजन में नहीं खेलेंगे। उनके अलावा, श्रीलंका के मथीश पथिराना भी चोटिल हैं। दोनों गेंदबाज टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान अपनी-अपनी टीम से खेलते हुए चोटिल हुए थे। KKR ने दोनों गेंदबाजों के रिप्लेसमेंट नहीं लेने का फैसला किया है। मैनेजमेंट का मानना है कि टीम के पास पहले से पर्याप्त तेज गेंदबाजी विकल्प मौजूद हैं। इसमें वैभव अरोड़ा, उमरान मलिक, कार्तिक त्यागी और आकाश दीप



शामिल हैं। श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना भी चोट के कारण फिलहाल उपलब्ध नहीं हैं। हालांकि KKR उन्हें रिप्लेस नहीं करना चाहती क्योंकि फ्रेंचाइजी को उम्मीद है कि वे IPL के दौरान किसी समय टीम से जुड़ सकते हैं। KKR ने मेगा ऑक्शन में पथिराना को 18 करोड़ रुपए में खरीदा था। सोमवार को उनके मैनेजर ने KKR जर्सी में उनकी तस्वीर साझा की, जिससे उनके टूर्नामेंट में खेलने की उम्मीद बढ़ गई है।

### ट्रांसफर बैन भी लगा, ईडन हजार्ड और विलियन के लिए गुप्त भुगतान किए गए

# चेल्सी पर 92 करोड़ का जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रीमियर लीग ने चेल्सी फुटबॉल क्लब पर वित्तीय नियमों के उल्लंघन के मामले में 92(10 मिलियन पाउंड ) करोड़ का जुर्माना लगाया है। क्लब पर एक साल का ट्रांसफर बैन लगाया गया है, लेकिन इसे दो साल के लिए टाल दिया गया है। यह कार्रवाई 2011 से 2018 के बीच किए गए गुप्त भुगतानों को लेकर की गई है। क्लब ने ईडन हजार्ड, विलियन और डेविड लुइज जैसे बड़े खिलाड़ियों को साइन करने के लिए अनरजिस्टर्ड एजेंटों को करोड़ों रुपए दिए थे। प्रीमियर लीग के अनुसार ये भुगतान चेल्सी के हित में किए गए थे और इन्हें क्लब के खर्च के रूप में दिखाया जाना चाहिए था। क्लब ने यह भी



माना कि इन भुगतानों को छिपाना और सही जानकारी न देना नियमों का उल्लंघन है। हालांकि जांच के बाद यह साफ हुआ कि अगर इन भुगतानों को सही तरीके से शामिल भी किया जाता, तब भी चेल्सी नियमों का उल्लंघन नहीं करती। अगर क्लब खुद इसकी जानकारी नहीं देता, तो उन पर और भी सख्त कार्रवाई हो सकती थी और उनके प्वॉइंट्स भी काटे जा सकते थे। सिर्फ खिलाड़ियों के ट्रांसफर ही नहीं, बल्कि क्लब के स्टाफ को दिए गए पेमेंट में भी गड़बड़ी मिली।

## नए मालिकों ने खुद ही दी थी जानकारी, 2022 में शुरू हुई थी जांच

यह पूरी गड़बड़ी उस समय की है जब क्लब के मालिक रूसी अरबपति रोमन अब्रामोविच थे। साल 2022 में जब 'ब्लूको' ग्रुप ने क्लब को खरीदा, तो उन्हें अकाउंट्स की जांच के दौरान इन गुप्त भुगतानों का पता चला। नए मैनेजमेंट ने खुद आगे बढ़कर प्रीमियर लीग को इन उल्लंघनों की जानकारी दी। जांच में सामने आया कि क्लब से जुड़े तीसरे पक्ष के जरिए खिलाड़ियों, अनरजिस्टर्ड एजेंटों और अन्य लोगों को गुप्त भुगतान किए गए थे। इन भुगतानों की जानकारी उस समय फुटबॉल अथॉरिटी को नहीं दी गई थी, जो कि नियमों के खिलाफ है।

## जिन खिलाड़ियों पर विवाद था, उन्होंने चेल्सी को कई खिताब दिलाए

जिन खिलाड़ियों के ट्रांसफर पर विवाद है, वे चेल्सी के सबसे सफल खिलाड़ियों में गिने जाते हैं। इसी समय जोस मोरिन्हो क्लब में वापस आए थे। उस दौर में टीम ने 2 प्रीमियर लीग, 2 एफए कप और यूरोपा लीग समेत कुल 6 बड़ी ट्रॉफियां जीतीं। ईडन हजार्ड ने चेल्सी के लिए 352 मैचों में 110 गोल किए।




ईडन हज़ार्ड को 2012 में लिली क्लब से 393 करोड़ में साइन किया गया था।

## 7 एजेंटों को दिए 250 करोड़ रुपए, हजार्ड और विलियन भी शामिल

जांच में सामने आया है कि क्लब ने सात अनरजिस्टर्ड एजेंटों या उनसे जुड़ी संस्थाओं को कुल 23 मिलियन पाउंड (करीब 250 करोड़ रुपए) दिए थे। यह पैसा ईडन हजार्ड, रामिरेस, डेविड लुइज, आंद्रे शूरले और नेमान्जा मैटिक जैसे खिलाड़ियों को साइन करने के लिए दिया गया था। इसके अलावा सैमुअल इटो और विलियन की ट्रांसफर फीस के तौर पर करीब 210 करोड़ रुपए का भुगतान भी रिकॉर्ड में नहीं दिखाया गया था।

## मनोरंजन



### आरोपियों ने पनवेल में कार का पीछा कर हमला किया, एक्ट्रेस बोलीं- हम सुरक्षित

# जन्नत जुबैर और भाई अयान पर दिन दहाड़े हुआ हमला

**मुबंई, एजेंसी**

टीवी एक्ट्रेस जन्नत जुबैर और उनके छोटे भाई अयान जुबैर के साथ नवी मुंबई के पनवेल में मारपीट की घटना हुई है। सोमवार को दिनदहाड़े हाईवे पर कुछ लोगों ने उनकी गाड़ी का पीछा किया और मारपीट की। जन्नत जुबैर ने अपने करियर की शुरुआत बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट टीवी शो 'फुलवा' से की थी। इस शो से उन्हें घर-घर में पहचान मिली। इसके बाद उन्होंने 'काशी' और 'तू आशिकी' जैसे पॉपुलर शोज में लीड रोल निभाया। जन्नत ने बॉलीवुड फिल्म 'हिचकी' में भी काम



किया है और वे 'खतरों के खिलाड़ी 12' जैसे रियलिटी शो का हिस्सा रही हैं। जन्नत भारत की सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली डिजिटल इन्फ्लुएंसर में से एक हैं, जिनके सोशल मीडिया पर करोड़ों चाहने वाले हैं। जन्नत के छोटे भाई अयान जुबैर ने ऐतिहासिक शो 'जोधा अकबर' में छोटे सलीम का किरदार निभाकर अपना करियर शुरू किया था।

## एक्ट्रेस ने कहा- हम सुरक्षित हैं, अफवाह न फैलाएं

स्टेटमेंट में कहा गया की, हम सबको अपडेट देना चाहते हैं कि जन्नत और अयान के साथ कल हाईवे पर दिनदहाड़े मारपीट और पीछा करने की घटना हुई। अभी पुलिस अथॉरिटीज एक्टिवली मामले को देख रही हैं और जांच जारी है। जन्नत और अयान अब पूरी तरह सुरक्षित हैं। हम आपकी चिंता और सपोर्ट के लिए शुक्रिया अदा करते हैं। उन्होंने फैंस से अपील की कि वे इस मामले में किसी भी तरह की अटकलें न लगाएं और बिना पुख्ता जानकारी के कुछ भी शेयर न करें।

**जन्नत ने सोशल मीडिया पर एक ऑफिशियल स्टेटमेंट जारी कर इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि अब वे दोनों सुरक्षित हैं और पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य सबूतों के जरिए आरोपियों की तलाश कर रही है।**

# इश्कबाज फेम एक्ट्रेस नवनींद्र बहल का निधन

### 76 साल की उम्र में ली आखिरी सांस

**नई दिल्ली, एजेंसी**

टीवी सीरियल 'इश्कबाज' में दादी का रोल निभाकर फेमस हुईं एक्ट्रेस नवनींद्र बहल का निधन हो गया है। वो 76 साल की थीं। नवनींद्र ने टीवी शोज के अलावा कई बड़ी बॉलीवुड फिल्मों में भी अहम किरदार निभाए थे। उनके बेटे और फिल्ममेकर कानू बहल ने सोशल मीडिया पर एक इमोशनल पोस्ट लिखकर इस खबर की पुष्टि की है। एक्ट्रेस के बेटे कानू बहल ने अपनी मां की एक पुरानी तस्वीर शेयर करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। कानू ने लिखा, ₹मेरी टाइटन, मेरा विश्वास, मेरा प्यार, मेरी मार्गदर्शक, मेरी गुरु, मेरा दिल। अलविदा मां, जब तक तुम मुझे दोबारा जन्म न



दो। मेरी आंखें हमेशा तुम्हारी उस मुस्कान और प्यारी हंसी को याद करेंगी। मेरी आत्मा को रोशन करने के लिए शुक्रिया।₹ कानू के इस पोस्ट पर अनुराग कश्यप सहित इंडस्ट्री के कई लोगों ने दुख जताया है। सफर नवनींद्र बहल का कला और थिएटर से बहुत पुराना नाता था। पंजाब से ताल्लुक रखने वाली नवनींद्र ने लंबे समय तक थिएटर की दुनिया में काम किया और बाद में सिनेमा और टीवी का रुख किया।

# सलमान के पिता सलीम खान अस्पताल से डिस्चार्ज

### 1 महीने से लीलावती हॉस्पिटल में एडमिट, ब्रेन हैमरेज के बाद हुई थी सर्जरी

**मुबंई, एजेंसी**

बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के पिता और स्क्रिप्ट राइटर सलीम खान को आज मुंबई के लीलावती हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। 90 साल के सलीम खान को ब्रेन हेमरेज के कारण 17 फरवरी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। करीब एक महीने तक चले इलाज के बाद अब उनकी तबीयत में काफी सुधार है और डॉक्टर्स ने उन्हें घर जाने की अनुमति दे दी है। न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक उनका डिस्चार्ज प्रोसीजर पूरा हो चुका है, लेकिन वे अभी हॉस्पिटल में ही हैं। सलीम खान सीनियर कंसल्टेंट डॉ. जलील पारकर की देखरेख में थे। अस्पताल के सूत्रों के मुताबिक, बढ़ती उम्र की वजह से उन्हें कुछ कॉम्प्लिकेशंस हो रहे थे। जांच में



मामूली ब्रेन हैमरेज की बात सामने आई थी, जिसके बाद न्यूरोसर्जन डॉ. नितिन डांगे ने उनकी एक छोटी सर्जरी (DSA प्रोसीजर) की थी। उनकी उम्र को देखते हुए रिकवरी में थोड़ा समय लगा, लेकिन अब वे पूरी तरह स्टेबल हैं। इलाज के शुरुआती दौर में सलीम खान को कुछ समय के लिए वेंटिलेटर पर भी रखा गया था। डॉ. जलील पारकर ने बताया था कि हैमरेज के बाद छोटा प्रोसीजर जरूरी था जो सफल रहा। हाल ही में एक इफ्तार पार्टी के दौरान अरबाज खान ने पैपराजजी से बात करते हुए बताया था कि पिता की सेहत अब काफी बेहतर है और वे सुधार कर रहे हैं। सलीम खान के अस्पताल में रहने के दौरान पूरा खान परिवार उनके साथ खड़ा रहा। बेटे सलमान खान, अरबाज खान और सोहेल खान लगातार अस्पताल के पहुंचते रहे। शाहरुख खान और आमिर खान भी सलीम खान का हाल जानने अस्पताल पहुंचे थे। इसके अलावा, सलीम खान के पुराने साथी और दिग्गज लेखक जावेद अख्तर ने भी अस्पताल जाकर अपने दोस्त की सेहत की जानकारी ली थी। सलीम खान ने 60 के दशक में बतौर अभिनेता अपने करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने 'तीसरी मंजिल' जैसी फिल्मों में छोटे रोल किए, लेकिन बाद में उन्होंने राइटिंग को अपना पेशा बनाया।

### एडवोकेट की चंडीगढ़ एसएसपी को शिकायत, कहा- सॉन्ग में डबल मीनिंग बोल, बैन किया जाए

# संजय दत्त-नोरा का गाना सरके चुनर तेरी विवादों में

**चंडीगढ़, एजेंसी**

अप्रैल में रिलीज होने वाली फिल्म केडीः द डेविल के गाने 'सरके चुनर तेरी सरके को लेकर विवाद हो गया है। चंडीगढ़ काउंसिल ऑफ लॉयर्स के चेयरमैन एवं पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के एडवोकेट वासु रंजन शांडिल्य ने मंगलवार को चंडीगढ़ के एसएसपी को शिकायत दी है। उन्होंने कहा कि गाने में डबल मीनिंग बोल हैं। इसके साथ आपत्ति-जनक सीन दिखाए गए हैं। यह न सिर्फ समाज की शालीनता के खिलाफ है, बल्कि खासकर बच्चों और कम उम्र के युवाओं के मन पर बुरा असर डाल सकता है। यह सार्वजनिक शालीनता के लिए अपमानजनक है इस गाने में नोरा



फतेही और संजय दत्त नजर आए हैं, जबकि इसके गीतकार रकीब आलम हैं। पुलिस से उन्होंने मांग की है कि वायरल हो रहे अश्लील गाने के मामले में तुरंत BNS की धारा 294, 296, 79 तथा आईटी एक्ट की धारा 67 व 67A के तहत FIR दर्ज की जाए और गाना सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से हटा दिया जाए, क्योंकि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर अश्लीलता को बढ़ावा देना कानूनन अपराध है। यह गाना दो दिन पहले 15 मार्च को रिलीज हुआ।

**इस पर सख्त से सख्त कार्रवाई जरूरी है। उन्होंने कहा कि सेंसर बोर्ड ने ये गाना कैसे रिलीज होने दिया। शिकायत की कॉपी गृहमंत्री अमित शाह को भी भेजी गई है। उन्होंने कहा कि किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। जरूरत पड़ी तो कोर्ट का भी दरवाजा खटखटाया जाएगा।**

## लोगों का भी फूटा गुस्सा

गाने को लेकर सोशल मीडिया पर भी लोगों का गुस्सा देखने को मिल रहा है, कई यूजर्स इसे 'वलगर' और 'भद्दा' बता रहे हैं। सिंगर अरमान मलिक ने भी एक्स पर पोस्ट कर गाने के लिरिक्स पर नाराजगी जताई है।




## नाटो देश बोले- ये हमारी लड़ाई नहीं, होर्मुज का रास्ता खुलवाने से इनकार

# ईरान के साथ जंग में अकेले पड़े ट्रम्प

**तनाव**

वॉशिंगटन, एजेंसी

ईरान में खामेनेई समेत 40 से भी ज्यादा अधिकारियों के मारे जाने के बाद अमेरिका को यह जंग बड़ी कामयाबी नजर आ रही थी। लेकिन 17 दिन बाद हालात बदल चुके हैं। युद्ध का कोई साफ अंत नजर नहीं आ रहा है। ईरान ने जवाब में होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते तेल आपूर्ति रोक दी, जिससे दुनिया की अर्थव्यवस्था पर बड़ी चोट पहुंची है। ट्रम्प अब अपने सहयोगी नाटो देशों से होर्मुज में रास्ता खुलवाने की अपील कर रहे हैं। हालांकि इन देशों ने साफ कर दिया है कि वे होर्मुज स्ट्रेट में अपने वॉरशिप नहीं भेजेंगे। यह फैसला ऐसे समय आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी थी कि अगर नाटो देश इस अहम समुद्री रास्ते को फिर से खोलने में मदद नहीं करते, तो नाटो का भविष्य खराब हो सकता है।




### यूरोपीय यूनियन ने भी ट्रम्प की अपील ठुकराई

दूसरी ओर, ट्रम्प लगातार अपने सहयोगियों पर दबाव बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन देशों को इस समुद्री रास्ते से फायदा होता है, उन्हें इसकी सुरक्षा में हिस्सा लेना चाहिए। ट्रम्प ने खासतौर पर ब्रिटेन से नाराजगी भी जताई, हालांकि उन्हें उम्मीद है कि वह इसमें शामिल होगा। यूरोपीय यूनियन के विदेश मंत्रियों ने भी अपने रेड सी (लाल सागर) मिशन को होर्मुज तक बढ़ाने से इनकार कर दिया। यूरोपीय यूनियन की विदेश नीति प्रमुख काजा कैलस ने कहा कि फिलहाल मिशन का दायरा बढ़ाने की कोई इच्छा नजर नहीं आती।

**"द गार्जियन की रिपोर्ट के मुताबिक जर्मनी ने साफ कहा है कि वह किसी भी सैन्य कार्रवाई में हिस्सा नहीं लेगा। जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा कि इस मामले में कभी कोई फैसला नहीं हुआ, इसलिए जर्मनी के सैन्य योगदान का सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान की मौजूदा सरकार खत्म होनी चाहिए, लेकिन बमबारी करके उसे झुकाना सही तरीका नहीं है। जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने भी अमेरिका पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि यह यूरोप का युद्ध नहीं है और जब अमेरिकी नौसेना खुद इतनी ताकतवर है, तो कुछ यूरोपीय जहाज क्या कर लेंगे।"**

### ब्रिटेन बोला- हम इस युद्ध में नहीं फंसेंगे

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि उनका देश इस बड़े युद्ध में नहीं फंसेगा। उन्होंने माना कि होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलना जरूरी है ताकि तेल बाजार स्थिर रहे, लेकिन यह आसान काम नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी कदम ज्यादा से ज्यादा देशों की सहमति से ही उठाया जाएगा। यूरोपीय देशों ने सैन्य कार्रवाई की बजाय कूटनीति पर जोर दिया है। होर्मुज स्ट्रेट बहुत अहम है क्योंकि यहां से दुनिया के लगभग 20% तेल और गैस की सप्लाई होती है।

### इटली बोला- जंग नहीं बातचीत से हल निकले

इटली के विदेश मंत्री एंटोनियो ताजानी ने कहा कि इस संकट का हल बातचीत से ही निकलना चाहिए और उनका देश किसी नौसैनिक मिशन को बढ़ाने के पक्ष में नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि यूरोपीय यूनियन के मौजूदा मिशन सिर्फ समुद्री डकैती रोकने और रक्षा के लिए हैं, उन्हें युद्ध में नहीं बदला जा सकता। ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस और जापान ने भी साफ कर दिया है।



ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर सोमवार को लंदन में मिडिल ईस्ट की स्थिति पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए।

### इजराइल बोला- 3 सप्ताह के लिए जंग की प्लानिंग तैयार

इस बीच इजराइल ने ईरान के कई शहरों जैसे तेहरान, शिराज और तबरीज में बड़े पैमाने पर हमले किए हैं। इजराइल का दावा है कि उसने ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई से जुड़ा एक विमान भी नष्ट कर दिया। इजराइली सेना का कहना है कि ईरान के साथ अगले 3 सप्ताह तक लड़ने के लिए उनकी प्लानिंग तैयार है। सेना के प्रवक्ता नदाव शोशानी ने सोमवार को कहा है कि सेना ने इससे आगे के समय के लिए भी अलग योजनाएं बना रखी हैं।

### ईरान बोला- अमेरिकी सेना आई तो अंजाम भुगतना होगा

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि उनका देश युद्ध नहीं चाहता, लेकिन अगर युद्ध खत्म होगा तो इस तरह खत्म होना चाहिए कि दुश्मन दोबारा हमला करने की हिम्मत न करे। ईरान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर अमेरिकी सेना जमीन पर उतरी, तो उसे वियतनाम जैसा अंजाम भुगतना पड़ सकता है। अमेरिका ने बताया कि इस युद्ध में उसके करीब 200 सैनिक घायल हुए हैं, जिनमें से ज्यादातर वापस ड्यूटी पर लौट आए हैं, जबकि 13 सैनिकों की मौत हो चुकी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक ईरान में अब तक 1,800 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं।

### लेबनान में जमीनी हमले कर रहा इजराइल

इजराइल ने लेबनान के दक्षिणी हिस्से में जमीनी कार्रवाई भी बढ़ा दी है, जहां हिजबुल्लाह के खिलाफ अभियान चल रहा है। इस संघर्ष में लेबनान में अब तक 850 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें 100 से अधिक बच्चे शामिल हैं। जर्मनी ने इजराइल को चेतावनी दी है कि लेबनान में जमीनी हमला करना गलती होगी और इससे वहां की मानवीय स्थिति और खराब हो जाएगी।



## 1-अप्रैल से इनकम टैक्स के नए नियम लागू होंगे

### सैलरी, घर-गाड़ी, रिटायरमेंट फंड और एम्प्लॉयर गिफ्ट्स पर टैक्स लगेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार 1 अप्रैल 2026 से देश में नया इनकम टैक्स सिस्टम लागू करने जा रही है। यह नया कानून मौजूदा इंकम-टैक्स एक्ट 1961 की जगह लेगा। इनकम-टैक्स रूल्स 2026 के ड्राफ्ट के मुताबिक, मिडिल क्लास टैक्सपेयर्स, प्राइवेट सेक्टर के कर्मचारियों और बड़े बिजनेस घरानों के लिए टैक्स कैलकुलेशन के तरीके पूरी तरह बदल जाएंगे। इन ड्राफ्ट नियमों को 22 फरवरी 2026 तक जनता के सुझावों के लिए रखा गया था। नए नियमों का मकसद सैलरी के साथ मिलने वाली सुविधाओं जैसे- कंपनी का घर, कार और गिफ्ट्स की वैल्यू तय करने के लिए एक फिक्स फॉर्मूला बनाना है, ताकि टैक्स




असेसमेंट यानी कैलकुलेशन में पारदर्शिता रहे। इनकम-टैक्स रूल्स 2026 आधिकारिक तौर पर 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगे। इसका मतलब है कि ये नियम वित्त वर्ष 2026-27 की कमाई और असेसमेंट ईयर 2027-28 के टैक्स रिटर्न पर लागू होंगे। यह नया इनकम-टैक्स एक्ट 2025 को सपोर्ट करने के लिए लाया गया है। जिसमें टैक्स कैलकुलेशन की प्रोसेस को और सरल बनाया गया है। अगर आपकी कंपनी आपके PF, NPS और सुपरएन्युएशन फंड में सालभर में 7.5 लाख से ज्यादा जमा करती है, तो अब उस पर टैक्स लगेगा। ड्राफ्ट रूल्स में एक खास फॉर्मूला दिया गया है, जिससे 7.5 लाख की सीमा से ऊपर वाले कॉन्ट्रीब्यूशन और उस पर मिलने वाले रिटर्न (ब्याज/लाभांश) को 'टैक्सेबल प्रक्र्स' माना जाएगा। टैक्स एक्सपर्ट्स के मुताबिक, इन बदलावों का सीधा असर आपकी 'टेक होम' सैलरी पर पड़ सकता है। कंपनियों को अपनी सैलरी स्ट्रक्चर और सॉफ्टवेयर अपडेट करने होंगे ताकि फॉर्म 16 और सैलरी स्लिप में नई वैल्यू दिख सके। नए नियम लागू होने से पहले अपने एम्प्लॉयर के साथ सैलरी कंपोनेंट्स (जैसे कार, घर और रिटायरमेंट फंड) को रिव्यू करें ताकि टैक्स लायबिलिटी को मैनेज किया जा सके।

## सिख और पाकिस्तानियों में विवाद

### पंजाबी रेस्टोरेंट मालिक ने हलाल मीट न बेचने का बोर्ड लगाया, 100 लोगों ने हमला किया

जालंधर, एजेंसी

लंदन के हाई-प्रोफाइल इलाके हैमरस्मिथ में पंजाबी रेस्टोरेंट मालिक और पाकिस्तानी मुस्लिमों में हलाल मीट को लेकर विवाद हो गया। 16 साल से रेस्टोरेंट चला रहे हरमन कपूर ने कहा कि हलाल मीट बेचने से मना करने पर पाकिस्तानियों के 100 लोगों के ग्रुप ने हमला कर दिया। उन्होंने कहा- मुझे हलाल मीट बेचने के लिए मजबूर किया जा रहा है। अपने बिजनेस को बचाने के लिए मुझे दुनियाभर के सिखों से मदद मांगनी पड़ रही है। हरमन के मुताबिक, विवाद तब शुरू हुआ जब उन्होंने 14 मार्च को रेस्टोरेंट पर एक बोर्ड लगा दिया। इस पर साफ लिख दिया कि उनके रंगरेज रेस्टोरेंट में हलाल मीट नहीं मिलेगा। हरमन के पोस्टर लगाने के बाद रेस्टोरेंट पर पाकिस्तानियों की भीड़ जमा हो गई। यहां तोड़फोड़ की



कोशिश की गई। हरमन ने कहा कि उन पर हमला किया गया। उन्होंने गातरे से डिफेंस किया। उनके घर को भी कट्टरपंथियों ने निशाना बनाया। हरमन ने कहा कि पुलिस ने भी कट्टरपंथियों का साथ दिया। आरोपियों को अरेस्ट करने के बजाय उल्टा उन्हें ही अरेस्ट कर लिया। लेकिन पूछताछ के बाद छोड़ दिया। हरमन ने बताया कि 2010 में खोला उनका रेस्टोरेंट बंद होने की कगार पर है। उनका रेस्टोरेंट रंगरेज पंजाबी स्वाद के लिए मशहूर है। लेकिन उन्होंने कभी हलाल मीट नहीं बेचा। 14 मार्च 2026 को कपूर ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा- नॉन हलाल मीटअप। दोपहर 2 बजे रंगरेज आओ, रिकॉर्डिंग उपकरण लेकर आओ। विवाद करने वालों को एक्सपोज करेंगे। पोस्ट वायरल होते ही मुस्लिम समुदाय के 100 से ज्यादा लोग रेस्टोरेंट के बाहर जमा हो गए। एंट्रेंस बंद होने पर नारे लगाने लगे। कपूर ने इसका वीडियो पोस्ट कर दिया और कहा कि उसे धमकियां आ रही हैं। रंगरेज रेस्टोरेंट के बाहर हंगामा होने के बाद पुलिस फोर्स पहुंची। भीड़ को हटाया। पुलिस अंदर घुसी और हरमन सिंह कपूर को अरेस्ट कर ले गई। पुलिस ने गिरफ्तारी का कारण हमला करने वालों को गातरा दिखाना बताया। पुलिस ने कहा कि लंदन में हथियार दिखाना कानूनी जुर्म है। कपूर को बाद में बेल मिल गई। इसे लेकर मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

**फास्ट न्यूज**

### मिराए-एसेट का नाम एशिया और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में

नई दिल्ली। विमेंस डे के मौके पर मिराए एसेट म्यूचुअल फंड ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कंपनी का नाम 'एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' और 'इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' में दर्ज किया गया है। यह सम्मान महिलाओं के लिए चलाए गए अब तक के सबसे बड़े 'इन्वेस्ट-मेंट फोकस्ड फाइनेंशियल लिटरेसी कैंपेन' के लिए दिया गया है।

### मार्च में साइन होने वाली भारत-अमेरिका अंतरिम ट्रेड डील टली

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच होने वाली अंतरिम ट्रेड डील अब कुछ समय के लिए टल गई है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, यह डील अब तभी साइन होगी, जब अमेरिका अपना नया ग्लोबल टैरिफ स्ट्रक्चर तैयार कर लेगा। दरअसल, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने हालिया फैसले में डोनाल्ड ट्रम्प की उन शक्तियों को खत्म कर दिया है। जिसके तहत वे इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट (IEEPA) का इस्तेमाल कर भारी टैरिफ लगा देते थे। भारत और अमेरिका के बीच यह ट्रेड डील पहले इसी महीने यानी मार्च में साइन होने वाली थी।

### ईंधन बचाने के लिए कड़े नियम लागू

नई दिल्ली। श्रीलंका की सरकार ने देश में काम के दिनों को घटाकर हफ्ते में केवल चार दिन करने का फैसला लिया है। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के लंबे समय तक चलने की आशंका को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। सरकार का मुख्य मकसद देश में मौजूद ईंधन (फ्यूल) के सीमित भंडार को बचाना है। दरअसल, अमेरिका और इस्राइल के साथ चल रहे युद्ध के जवाब में ईरान ने हॉर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर दिया है।

## कैफे ने नींबू पानी पर 5% गैस-क्राइसिस चार्ज वसूला

### यूजर्स बोले- इसे बनाने में कौन सी गैस लगती है

बेंगलुरु, एजेंसी

देशभर में जारी LPG संकट के बीच बेंगलुरु के एक कैफे ने अपने ग्राहक को नींबू पानी के बिल पर 5% 'गैस क्राइसिस चार्ज' (गैस संकट शुल्क) लगा दिया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर कैफे की रसीद की फोटो वायरल होने के बाद लोग इस पर तरह-तरह की रिएक्शन दे रहे हैं। बेंगलुरु के 'थियो कैफे' की इस वायरल रसीद के मुताबिक, एक ग्राहक ने दो मिंट लेमोनेड (नींबू पानी) ऑर्डर किए थे। एक लेमोनेड की कीमत 179 थी, यानी दो के लिए 358 हुए। कैफे ने पहले 17.90 का 5% डिस्काउंट दिया, लेकिन फिर स्टैंडर्ड GST (CGST और SGST) के साथ 'गैस क्राइसिस चार्ज' के नाम पर 5% यानी 17.01 अलग से जोड़ दिए। इस तरह ग्राहक का कुल बिल 374 हो




गया। X पर बिल की फोटो शेयर होते ही यूजर्स ने कैफे की आलोचना की। लोगों ने सवाल पूछा कि नींबू पानी बनाने में आखिर कौन सी गैस इस्तेमाल होती है, जो इसके लिए 'क्राइसिस शुल्क' वसूला जा रहा है? कुछ यूजर्स ने इसे ग्राहकों को लूटने का नया बहाना बताया, तो कुछ ने इसे 'महंगाई का डिजिटल अवतार' बताया। शिवालिक जहाज पर करीब 46 हजार मीट्रिक टन LPG लदी है, जो लगभग 32.4 लाख घरेलू गैस सिलेंडरों के बराबर बताई जा रही है।

## बोले- ट्रम्प इजराइल के दबाव में युद्ध लड़ रहे, अमेरिका को ईरान से तुरंत खतरा नहीं

# फैसला : ईरान से जंग के विरोध में अमेरिकी अफसर का इस्तीफा

तेल अवीव/तेहरान, एजेंसी

अमेरिका के काउंटरटेररिज्म अधिकारी जो केंट ने ईरान के खिलाफ चल रही जंग का विरोध करते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। केंट ने कहा कि वह इस युद्ध का समर्थन नहीं कर सकते, क्योंकि यह सही कारणों से नहीं शुरू हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इजराइल के दबाव में यह युद्ध लड़ रहे हैं। केंट के मुताबिक, ईरान से अमेरिका को कोई तात्कालिक खतरा नहीं था, ऐसे में युद्ध की जरूरत नहीं थी। उन्होंने कहा कि कुछ प्रभावशाली लोगों और मीडिया के जरिए ऐसा माहौल बनाया गया, जिससे ईरान के खिलाफ कार्रवाई



को सही ठहराया जा सके। केंट ने इसे अपने 'जमीर के खिलाफ' बताते हुए पद छोड़ने का फैसला लिया।

**ईरान के पूर्व शाह के बेटे रजा पहलवी ने ईरान के वरिष्ठ नेता अली लारिजानी को लेकर विवादित बयान दिया है। पहलवी ने सोशल मीडिया पर कहा कि लारिजानी समेत कई वरिष्ठ ईरानी कमांडरों ने "वही अंजाम पाया जिसके वे हकदार थे।"**

उन्होंने आरोप लगाया कि ये नेता ईरान में लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई और हिंसा के लिए जिम्मेदार रहे हैं। पहलवी ने कहा कि यह घटनाक्रम ईरान के लोगों के लिए एक तरह से 'न्याय' जैसा है और इससे पीड़ित परिवारों को कुछ राहत मिल सकती है। हालांकि इजराइली हमले में लारिजानी के मारे जाने के दावे की ईरान की ओर से अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। लेबनान की राजधानी बेरूत में इजराइल के हवाई हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 9 लोग घायल हुए हैं।

### भारत का नंदी देवी जहाज गुजरात पहुंचा

भारत का नंदा देवी जहाज होर्मुज स्ट्रेट को पार करके आज रात 2:30 बजे गुजरात के वडिनार पोर्ट पहुंचा। इस जहाज में करीब 46,500 मीट्रिक टन लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (LPG) लाई गई है। इससे पहले भारतीय जहाज शिवालिक सोमवार को LPG लेकर 'मुंद्रा पोर्ट' पहुंच चुका है। इस जहाज पर करीब 46 हजार मीट्रिक टन LPG है, जो लगभग 32.4 लाख घरेलू गैस सिलेंडरों के बराबर है।

### फ्रांस बोला- होर्मुज ऑपरेशन में शामिल नहीं होंगे

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि उनका देश मौजूदा हालात में होर्मुज स्ट्रेट को खोलने के किसी भी सैन्य ऑपरेशन में हिस्सा नहीं लेगा। कैबिनेट बैठक के दौरान मैक्रों ने कहा कि फ्रांस इस संघर्ष का पक्षकार नहीं है, इसलिए वह इस समय सैन्य कार्रवाई के जरिए होर्मुज स्ट्रेट खोलने में शामिल नहीं होगा। उन्होंने कहा कि फ्रांस युद्ध खत्म होने के बाद समुद्री मार्ग को सुरक्षित और खुला रखने के लिए अंतरराष्ट्रीय गठबंधन बनाने की दिशा में काम कर रहा है। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका अपने सहयोगी देशों से होर्मुज स्ट्रेट में टैंकरों की सुरक्षा के लिए सैन्य मदद की मांग कर रहा है।

## सोना ₹300 बढ़कर ₹1.56 लाख का हुआ, इस साल कीमत ₹23 हजार बढ़ चुकी

# चांदी ₹5 हजार बढ़कर ₹2.54 लाख पर पहुंची

नई दिल्ली, एजेंसी

सोने और चांदी के दामों में आज यानी 17 मार्च को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 300 रुपए बढ़कर 1.56 लाख रुपए पर पहुंच गया है। एक किलो चांदी 5 हजार रुपए बढ़कर 2.54 लाख रुपए पर पहुंच गई है। एक्सपर्ट्स के अनुसार, 29 जनवरी को सोने की कीमत 1.76 लाख रुपए और चांदी के दाम 3.86 लाख रुपए के ऑलटाइम हाई पर पहुंच गई थे। इसके बाद से इनकी कीमत में काफी गिरावट आ चुकी है। इसलिए इनकी



खरीदारी देखने को मिल रही है। यानी इसकी कीमत इस साल अब तक 23 हजार बढ़ चुकी है। वहीं चांदी भी इस दौरान 24 हजार रुपए महंगी हुई है।

### अमेरिका-ईरान तनाव पर निर्भर रहेगा बाजार

**जानकारों का मानना है कि सोने-चांदी की अगली चाल इन दो बातों पर निर्भर करेगी:**

**मिडिल ईस्ट संकट:** अगर ईरान और अमेरिका के बीच तनाव और बढ़ता है या कच्चे तेल की कीमतें फिर से उछलती हैं तो सोने-चांदी में दोबारा तेजी आ सकती है।

**अमेरिकी डेटा:** अगर अमेरिका के आर्थिक आंकड़े उम्मीद से बेहतर आते हैं तो डॉलर मजबूत होगा और इससे सोने की कीमतों पर दबाव बढ़ सकता है।

### एक्सपर्ट की राय: क्या अभी सोना खरीदना सही है?

एक्सपर्ट्स के इनुसार रिकॉर्ड ऊंचाई छूने के बाद सोना फिलहाल 'करेक्शन फेज' (कीमतों में सुधार) में है। शॉर्ट टर्म में मोमेंटम थोड़ा कमजोर जरूर हुआ है, लेकिन लॉन्ग टर्म में तेजी का रुझान बरकरार है। ऐसे में निवेशक सोने में थोड़ा-थोड़ा करके निवेश कर सकते हैं।

### सोना इस साल ₹ 23 हजार और चांदी ₹24 हजार महंगी

इस साल सोने-चांदी की कीमत में तेजी देखने को मिली है। बीते साल के आखिर में सोना 1.33 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो अब 1.56 लाख रुपए पर है।

## सेंसेक्स 568 अंक चढ़कर 76071 पर बंद

### निफ्टी भी 172 अंक बढ़कर 23581 पर पहुंचा

मुंबई, एजेंसी

शेयर बाजार में आज यानी 17 मार्च को बढ़त रही। सेंसेक्स 568 अंक की तेजी के साथ 76,071 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 172 अंक की बढ़त रही, ये 23,581 पर बंद हुआ। आज एनर्जी, बैंकिंग और ऑटो शेयर्स में बढ़त रही। एग्रोकेमिकल कंपनी GSP क्रॉप साइंस का IPO 16 मार्च से ओपन हो चुका है। इसमें आम निवेशक 18 मार्च तक पैसा लगा सकेंगे। कंपनी इस मेनलाइन इश्यू के जरिए 400 करोड़ जुटाना चाहती है। इसमें मिनिमम 14,720 रुपए लगाने होंगे। इससे पहले कल यानी 16 मार्च को शेयर बाजार में तेजी रही थी। सेंसेक्स 938 अंक की तेजी के साथ 75,502 के स्तर पर बंद हुआ था। निफ्टी में भी 257 अंक




की तेजी रही, ये 23,408 के स्तर पर बंद हुआ था। डाउ जोन्स 387 अंक (0.83%) बढ़कर 46,946 के स्तर पर बंद हुआ। टेक बेस्ड इंडेक्स नैस्डैक कंपोजिट 1.22% गिरकर 22,374 पर बंद हुआ। S&P 500 इंडेक्स 67 अंक (1.01%) गिरकर 6,699 पर बंद हुआ। जापान का निक्केई इंडेक्स 09% गिरकर 53,700 पर बंद हुआ। चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.85% नीचे 4,049 पर बंद हुआ।

तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड- 224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96